संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -78 गुरूवार, 18 जनवरी 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### मणिशंकर अय्यर की बेटी के थिंक टैंक सीपीआर का एफसीआरए कैंसिल



**नई दिल्ली,17 जनवरी 2024(ए)।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की बेटी यामिनी अय्यर के नेतृत्व में चलने वाले एक फेमस थिंक टैंक का फॉरेन कॉन्ट्रिब्यूशन रेगुलेशन एक्ट कैंसिल कर दिया है। इस थिंक टैंक का नाम सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च है। अधिकारियों के अनुसार ये संस्था नियमों का उल्लंघन कर रही थी। गृह मंत्रालय के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, नियमों के उल्लंघन के चलते सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का स्नष्ट्रक्र लाइसेंस रद्द किया गया है। सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च पहले भी सरकार के रडार पर था। इससे पहले इस थिंक टैंक पर इनकम टैक्स के सर्वे हो चुके थे।

### अनिल और नितिन की ईडी की रिमांड 5 दिन और बढ़ाई गई

**रायपुर,17 जनवरी 2024 (ए)।** महादेव सट्टा एप मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार दो आरोपियों की रिमांड बढ़ गई है।



अनिल अग्रवाल और नवीन टिबरेवाल की 5 दिन के लिए और ईडी को रिमांड पर दिया है। इससे पहले 5 दिन की रिमांड खत्म होने पर आज दोनों को कोर्ट में पेश किया गया था। ईडी के स्पेशल जज अजय सिंह राजपूत की कोर्ट ने यह आदेश दिया है । बताया जा रहा है कि अनिल अग्रवाल का पूर्व में गिरफ्तार हवाला कारोबारी दम्मानी से और नवीन टिबरेवाल का अनिल से संबंध होने की पुष्टि पर ईडी ने यह गिरफ्तारियां की है।

# मणिपुर के मोरेह में सुरक्षाबलों पर हमला

» 3 की मौत:उपद्रवियों ने पुलिस चौकी पर बम फेंके

» राज्य सरकार ने केंद्र से हेलिकॉप्टर मांगे

**इम्फाल,17 जनवरी 2024 (ए)।** मणिपुर के मोरेह इलाके में बुधवार (17 जनवरी) की सुबह उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों की गाड़ी पर हमला कर दिया। इसमें दो जवानों की मौत हो गई। इसके अलावा एक कुकी समुदाय की महिला की जान चली गई। हमलावर कुकी समुदाय के ही जा रहे हैं। हमले में 3 जवान गंभीर रूप से घायल हुए हैं। फिलहाल उनका इलाज जारी है।

पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह मोरेह में सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच तीन अलग-अलग जगहों पर मुठभेड़ हुई। उपद्रवियों ने मोरेह के पास सुरक्षाबलों की एक चौकी पर बम फेंके और गोलीबारी की। उग्रवादियों ने अस्थायी कमांडो पोस्ट पर गोले भी दागे,जिससे आसपास खड़े कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। फिलहाल तेंगनौपाल जिले में कर्फ्यू लगा है।



मोरह में लगातार जारी हिंसा को देखते हुए राज्य सरकार ने केंद्र से मदद मांगी है। कमिश्नर होम टी रंजीत सिंह ने मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स के एडिशनल सेक्रेट्री को लेटर लिखा है। उन्होंने कहा कि यहां हालात बिगड़ते जा रहे हैं। किसी भी वक्त मेडिकल इमरजेंसी बढ़ सकती है। इसलिए हेलिकॉप्टर दिए जाएं।

### एसडीओपी की हत्या में हुई गिरफ्तारियों का विरोध

पुलिस के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में मोरेह के एसडीओपी रहे आनंद सिंह चौधरी की हत्या कर दी गई थी। 15 जनवरी को इस मामले में दो संदिग्ध फिलिप खोंगसाई और हेमोखोलाल मटे को गिरफ्तार किया गया। इनकी गिरफ्तारी का स्थानीय लोग लगातार विरोध कर रहे हैं।

### कई संगठन भी विरोध में आए

दोनों आरोपियों को ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जहां से उन्हें 9 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। इनके पास से एक पिस्तौल, एक चीनी हथगोला, दस जिंदा कारतूस और दस डेटोनेटर जब्त किए गए थे। स्थानीय लोगों ने इन दोनों की रिहाई की मांग करते हुए मोरेह पुलिस स्टेशन के सामने विरोध प्रदर्शन भी किया था।

कुकी इनपी तेंगनौपाल, चुराचांदपुर जिला स्थित इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम और कांगपोकपी जिला स्थित कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी ने दोनों की गिरफ्तारी का विरोध किया है। सभी का कहना है कि इन दोनों का एसपीओपी आनंद सिंह की हत्या से कोई संबंध नहीं है।

### मणिपुर हथियार लूट मामले में सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की

केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने 4 मई 2023 में मणिपुर पुलिसकर्मियों से हथियार और गोला-बारूद लूटने के मामले में बुधवार (17 जनवरी) को 5 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। सीबीआई के मुताबिक, गुवाहाटी के कामरूप (मेट्रो) चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के सामने चार्जशीट पेश की गई। उन्होंने आगे कहा कि सीबीआई ने जून 2023 में यह मामला मणिपुर पुलिस (इंफाल पूर्व में हिंगांग पुलिस स्टेशन) से अपने हाथ में लिया था।

### मणिपुर में अब तक 200 से ज्यादा मौतें, 1100 घायल

राज्य में 3 मई से कुकी और मैतेई के बीच जारी जातीय हिंसा में 200 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। राज्य में अब तक 65 हजार से अधिक लोग अपना घर छोड़ चुके हैं। 6 हजार मामले दर्ज हुए हैं और 144 लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

# बेरोजगारों के हित में कैबिनेट का बड़ा फैसला



### अधिकतम आयु सीमा में छूट रहेगी जारी

**रायपुर,17 जनवरी 2024 (ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट की अवधि को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया गया है। अभ्यर्थियों को आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट का लाभ अब 31 दिसम्बर 2028 तक मिलेगा।

### स्थानीय निवासियों को मिलेगी इस तरह की छूट

इसी तरह छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष में दी गई, पांच वर्ष की छूट अवधि को 01 जनवरी 2024 से 31 दिसम्बर 2028 तक अर्थात् पांच वर्ष तक बढ़ाए जाने एवं अन्य विशेष वर्गों के लिए अधिकतम आयु सीमा में देय छूट को यथावत रखते हुए सभी छूटों को मिलाकर अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष यथावत निर्धारित रहेगी। यह छूट गृह (पुलिस) विभाग के लिए लागू नहीं होगी।

### पुलिस भर्ती में पुरुष उम्मीदवारों को 5 वर्ष की छूट

छत्तीसगढ़ पुलिस के जिला पुलिस आरक्षण संवर्ग में भर्ती के लिए वर्ष 2018 में 2259 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। इसके पश्चात लगभग 5 वर्ष उपरांत दिनांक 04/10/2023 को जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग के 5967 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। ऑनलाईन आवेदन लेने की प्रक्रिया जारी है। अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मंत्रिपरिषद द्वारा पुरूष अभ्यर्थियों को उच्चतर आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया गया है।

### राजनैतिक आंदोलन वापसी के लिए बनेगी उपसमिति

मंत्रिपरिषद की बैठक में विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित प्रकरणों की न्यायालयों से वापसी के लिए नवीन मंत्रिपरिषद की उपसमिति गठित करने का निर्णय लिया गया है।

# आज गर्भगृह में विराजेंगे रामलला

### भारी वजन के कारण भ्रमण रोका,प्रतीकात्मक प्रतिमा की करवाई परिक्रमा

**अयोध्या,17 जनवरी 2024 (ए)।** श्री राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अनुष्ठान शुरू हो गए हैं। आज पालकी में विराजित रामलला को मंदिर परिसर में भ्रमण कराया गया। हालांकि,



यह असली मूर्ति नहीं जो गर्भगृह में स्थापित होगी और न ही इस मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, इसे एक प्रतीकात्मक मूर्ति बताया जा रहा है जिसका आज मंदिर परिसर में भ्रमण करवाया गया है। शाम को रामलला की 200 किलो वजन की नई मूर्ति का परिसर भ्रमण होना था, लेकिन भारी वजन के चलते फैसला बदला गया। बाद में रामलला की 10 किलो की चांदी की मूर्ति को रामजन्म भूमि परिसर का भ्रमण कराया गया। इससे पहले दिन में ढाई बजे निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास और पुजारी सुनील दास ने अयोध्या राम मंदिर के 'गर्भ गृह' में पूजा की। इसके बाद महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कल ही रामलला गर्भगृह में विराजमान होंगे। इसके साथ ही यज्ञ मंडप के 16 स्तंभों और चारों द्वारों का पूजन भी हुआ। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के मुख्य आचार्य पं. लक्ष्मीकांत दीक्षित ने बताया कि 16 स्तंभ 16 देवताओं के प्रतीक हैं। इनमें गणेश, विश्वकर्मा, बह्मा, वरुण, अष्टवसु, सोम, वायु देवता को सफेद वस्त्रत् जबकि सूर्य, विष्णु को लाल वस्त्रत्, यमराज-नागराज, शिव, अनंत देवता को काले और कुबेर, इंद्र, बृहस्पति को पीले वस्त्रों में निरुपित किया जाएगा।

# राम मंदिर उद्घाटन समारोह के कार्यक्रम पर रोक लगाने की मांग, हाईकोर्ट में जनहित याचिका

**अयोध्या,17 जनवरी 2024 (ए)।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग उठ रही है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में इसे लेकर एक जनहित याचिका दाखिल हुई है। खबर है कि याचिका में शंकराचार्यों की तरफ से उठाई गई आपत्तियों का हवाला दिया गया है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि सोमवार दोपहर 1 बजे समारोह हो सकता है।

समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के भोला दास ने याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा गया है, '22 जनवरी 2024 को अयोध्या में एक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। निर्माणाधीन मंदिर में रामलला की मूर्ति को स्थापित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूजा करेंगे।' आगे कहा गया है, 'शंकराचार्यों ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर आपत्ति उठाई है। पूस के महीने में कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित नहीं होते हैं। मंदिर अभी भी पूरा नहीं हुआ है। एक अधूरे मंदिर में किसी भी




देवता को विराजमान नहीं किया जाता है।' एजेंसी के अनुसार, याचिका में प्राण प्रतिष्ठा को सनातन परंपरा के खिलाफ मामला भी बताया गया है।

इसमें यह भी दावा किया गया है कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनावी फायदे के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया है। अयोध्या के राम मंदिर में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह मंगलवार को शुरू हो गया। मंदिर न्यास के एक सदस्य और उनकी पत्नी की अगुवाई में इस दौरान कई अनुष्ठान हुए। मंगलवार से शुरू हुए अनुष्ठान नए मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ संपन्न होंगे।राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने कहा, 'अनुष्ठान शुरू हो गया है और 22 जनवरी तक जारी रहेगा। 11 पुजारी सभी 'देवी-देवताओं' का आह्वान करते हुए अनुष्ठान कर रहे हैं।' इस महीने की 22 तारीख तक चलने वाले अनुष्ठान में यजमान मंदिर न्यास के सदस्य अनिल मिश्रा और उनकी पत्नी उषा मिश्रा हैं। अनिल मिश्रा ने स्वयं इसकी पुष्टि की है।

# सेशन कोर्ट की टिप्पणियां हाईकोर्ट को नहीं आई पसंद

### किन्नरों को लेकर ऐसा क्या कहा

**नई दिल्ली,17 जनवरी 2024 (ए)।** किन्नरों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां किए जाने पर उच्च न्यायालय ने सेशन कोर्ट को नसीहत दी है। अदालत ने कहा है कि इस तरह की स्टीरियोटाइप और गैर-जरूरी टिप्पणियां किया जाना गलत है। सेशन कोर्ट ने एक ट्रांसवुमन की बेल अर्जी खारिज करते हुए कुछ टिप्पणियां की थीं, जिस पर उच्च न्यायालय ने आपत्ति जाहिर की है। पंढरपुर की सेशन कोर्ट ने एक ट्रांसवुमन की बेल अर्जी खारिज करते हुए कहा था कि किन्नर लोगों को परेशान करते हैं। जज ने तीन पैरे के फैसले में उसकी बेल को खारिज करते हुए कहा था कि किन्नर दुष्ट होते हैं और कई बार लोगों को परेशान करने



के लिए उपद्रव मचाते हैं।

सेशन कोर्ट ने 19 दिसंबर को बेल खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया था। इसी के खिलाफ अर्जी पर विचार करते हुए हाई कोर्ट के जज जस्टिस माधव जामदार ने 15 जनवरी को इन टिप्पणियों को खारिज किया है और कहा कि बेल ठुकराते हुए ऐसा कुछ भी कहने की जरूरत नहीं थी। उन्होंने कहा, 'ट्रांसजेडर लोग भी इस देश के नागरिक हैं और उन्हें भी सभी की तरह सम्मान और गरिमा के साथ जीने का हक है। संविधान उन्हें यह हक प्रदान करता है।'

उन्होंने कहा, 'इस तरह की स्टीरियोटाइप टिप्पणियां करना और सामान्यीकरण वाले बयान देना गलत है। इसकी कोई जरूरत नहीं थी। ट्रांसजेंडर भी इस देश के नागरिक हैं। भारत के संविधान का आर्टिकल 21 जीवन के अधिकारी और निजी स्वतंत्रता की रक्षा करता है। जीवन के अधिकार में गरिमा के साथ जिंदगी गुजारना शामिल है। ऐसे में सेशन कोर्ट ने पैरा 19 से 21 तक जो कहा था, वह गलत था। इसके अलावा बेल को खारिज करने का यह कोई आधार भी नहीं हो सकता।'

बेल की अर्जी देने वाली ज्योति मंजप्पा प्रसादवी पर आरोप था कि उसने विठ्ठल रुक्मिणी मंदिर में एक श्रद्धालु से छेड़छाड़ और बदसलूकी की थी। यही नहीं उस पर आरोप था कि उसने श्रद्धालु से पैसे मांगे और इनकार करने के बाद मारपीट की। फिर जबरदस्ती कुछ रकम लेकर भाग गई। इस मामले में उसे आईपीसी की अलग-अलग धाराओं के तहत जेल में बंद किया गया था। फिर जब ज्योति ने सेशन कोर्ट का रुख किया तो उसकी बेल अर्जी खारिज हो गई। अंत में 15 जनवरी को उसने हाई कोर्ट में अपील दायर की।

# टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ीं



### जबरन खाली कराया जाएगा सरकारी बंगला,जारी हुआ नोटिस

**नई दिल्ली,17 जनवरी 2024 (ए)।** टीएमसी सांसद को महुआ मोइत्रा को सरकारी बंगला खाली करने का अल्टीमेटम दिया गया है। इसके लिए उन्हें एक और नोटिस भेजा गया है। नोटिस में कहा गया है कि अगर वो बंगला खाली नहीं करती तो उनके खिलाफ ताकत का इस्तेमाल किया गया जाएगा और जबरन बंगला खाली करवाया जाएगा। बता दें कि संसद से निलंबन के बाद महुआ मोइत्रा को सरकारी बंगला खाली करने की कई नोटिस मिल चुकी है।इसके बावजूद वो सरकारी बंगला खाली नहीं कर रही हैं। नोटिस के मुताबिक, संसद सदस्यता छिनने के बाद अब वे इस बंगले की पात्र नहीं रहीं इसलिए उन्हें 9 टेलीग्राफ लेन का टाइप 5 बंगला खाली करना होगा। नियम के मुताबिक, बंगला खाली करने के लिए उन्हें एक महीने का समय दिया गया था। हालांकि, इस बीच उन्होंने कोर्ट का भी सहारा लिया था लेकिन वहां से भी राहत नहीं मिली।नोटिस में कहा गया है कि महुआ सरकारी बंगला तुरंत खाली कर दें। बता दें कि सदस्यता जाने के बाद एक महीने के समय की सीमा खत्म होने के बाद 7 जनवरी को आवंटन रद्द कर दिया गया था। महुआ मोईत्रा को सरकारी बंगला खाली करने के कई नोटिस दिए जा चुके हैं। वहीं, ताजा नोटिस में कहा गया है कि अगर अब बंगला खाली नहीं किया तो उनको वहां से बेदखल कर दिया जाएगा और जरूरत पड़ी तो इसके लिए ताकत का इस्तेमाल भी किया जाएगा। डायरेक्टर ऑफ इस्टेट ने उन्हें यह नोटिस भेजा है।

# आतिशबाजी से जगमगा उठा आसमान



### आग की चपेट में पटाखे से लदा ट्रक

**उन्नाव,17 जनवरी 2024 (ए)।** यूपी के उन्नाव में पटाखे से लदे एक ट्रक में आग लग गई। आगे लगते ही आतिशबाजी शुरू हो गई। अंधेरे में आसमान रंगीन हो गया। पटाखों के शोर से इलाका गूंज उठा. करीब 3 घंटे तक पटाखे जलते रहे. गनीमत रही कि ट्रक के चालक व क्लीनर ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचा ली थी। घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें धू-धू कर जलता हुआ ट्रक और आतिशबाजी दिखाई दे रही है।

मामला पुरवा कोतवाली क्षेत्र के खरगी खेड़ा गांव के पास का है। जहां आज तड़के एक ट्रक पटाखे लादकर रायबरेली की ओर जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात कारणों से उसमें अचानक आग लग गई.।आग इतनी जबरदस्त थी कि कुछ ही सेकेंड में ट्रक में रखे पटाखे जलने लगे। अचानक हुई इस घटना से ट्रक चालक व क्लीनर सहम गए। उन्होंने फौरन ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई. वहीं, ट्रक में जितने भी पटाखे थे वो लगभग 3 घंटे जलते रहे। जिसके चलते ट्रक जल कर राख हो गया। हालांकि, ग्रामीणों की सूचना पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची थीं।काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक पटाखे और ट्रक दोनों जल चुके थे। अच्छी बात ये रही कोई भी जनहानि नहीं हुई. फिलहाल, पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# सांसद नुसरत जहां पड़ी मुश्किल में

### फ्लैट धोखाधड़ी मामले में होना होगा अदालत में पेश

**कोलकाता,17 जनवरी 2024 (ए)।** एक्ट्रेस से तृणमूल कांग्रेस की सांसद बनीं नुसरत जहां की मुसीबतें बढ़ रही हैं। कोलकाता की एक अदालत ने फैसला सुनाया कि नुसरत जहां को एक रियल स्टेट कंपनी के निदेशक के रूप में अपने जुड़ाव से संबंधित मामले में अदालत में पेश होना होगा, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को उचित दरों पर फ्लैट देने का वादा करके कई करोड़ रुपये की ठगी की गई थी।

पिछले साल सितंबर में एक अदालत ने इस मामले में नुसरत जहां को पेश होने का आदेश दिया था। हालांकि, उन्होंने इस आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती दी,लेकिन अदालत ने आदेश को बरकरार रखा।

नुसरत जहां पहले रियल स्टेट कंपनी सेवेन सेंस इन्फास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक थीं। पिछले साल सितंबर में, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धोखाधड़ी मामले में नुसरत जहां से पूछताछ की थी। आरोप है कि फर्म ने वरिष्ठ नागरिकों को आकर्षक दरों पर आवासीय फ्लैट देने का वादा करके उनसे कई करोड़ रुपये इकट्ठा किए। शिकायत के अनुसार, उन्हें



फ्लैट उपलब्ध कराने के बजाय, उनके पैसे का इस्तेमाल नुसरत जहां सहित निदेशकों द्वारा निजी आवासीय आवास खरीदने के लिए किया गया था।

हालांकि, नुसरत जहां ने आरोपों से इनकार किया था और दावा किया था कि उन्होंने उक्त रियल स्टेट कंपनी से लगभग 1.16 करोड़ रुपये का लोन लिया था, और ब्याज सहित 1.40 करोड़ रुपये से ज्यादा का लोन चुका दिया था।

हालांकि, उन्होंने मीडिया के उन सवालों का कोई जवाब नहीं दिया, जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने हाउसिंग लोन देने वाले किसी बैंक या रजिस्टर्ड फाइनेंशियल इंटिट्यूड के बजाय एक रियल स्टेट से लोकल फर्म से लोन क्यों लिया।

## संपादकीय

# कूटनीतिक संबंधों का दायरा

**आम** समझ है कि कूटनीति एक बेहद गंभीर कार्य है, जिसका अत्यंत बारीक दायरा होता है। यह सोशल मीडिया ट्रोल्स की समझ से बाहर की बात है। इसलिए इसे पेशेवर कूटनीतिकों के दायरे में ही रखना उचित होता है।

मालदीव के साथ रिश्ता अब ब्रेकिंग प्वाइंट पर पहुंचता नजर आ रहा है। फिलहाल यह साफ है कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू ने चीन को अपनी विदेश नीति में केंद्रीय स्थान दे दिया है। ऐसा वे भारत के हितों और भावनाओं की कीमत पर कर रहे हैं। हाल की चीन यात्रा के बाद उनकी सरकार का रुख और सख्त हुआ है। नतीजतन, मालदीव ने भारत से अपने उन सैनिकों को 15 मार्च तक वापस बुला लेने को कह दिया है, जो वहां उन दो हेलीकॉप्टरों की देखरेख के लिए तैनात थे, जिन्हें भारत ने मालदीव को उपहार के रूप में दिए थे। अनुमान लगाया जा सकता है कि हाल में दोनों देशों के संबंधों में बढ़ी कड़वाहट का असर मोइज्जू सरकार के रुख पर पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्षद्वीप दौरा, उसके बाद सोशल मीडिया पर पर्यटन के लिए मालदीव के विकल्प के रूप में लक्षद्वीप को प्रचारित करने की मुहिम, उस पर मालदीव के तीन नेताओं की मोदी के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल और फिर भारत में सोशल मीडिया पर जताए गए अनियंत्रित गुस्से ने हालात सुलगा दिए हैं।

इस बीच नई दिल्ली स्थिति मालदीव के राजदूत को भारतीय दूतावास में भी बुलाया गया था। अब यह विचारणीय है कि पास-पड़ोस के देश भारत से क्यों बिदकते जा रहे हैं? और अगर किसी देश के ऐसा करने का संकेत मिले, तो हालात को संभालने का सही रास्ता क्या है? आम समझ है कि कूटनीति एक बेहद गंभीर कार्य है, जिसका अत्यंत बारीक दायरा होता है। यह सोशल मीडिया ट्रोल्स की समझ से बाहर की बात है। इसलिए इसे पेशेवर कूटनीतिकों के दायरे में ही रखना उचित होता है। यह ठोस समझ बन चुकी है कि विदेश संबंधों और उनसे जुड़े विवादों का घरेलू राजनीति में लाभ उठाने की रणनीति देश के दीर्घकालिक हितों को क्षति पहुंचाती है। इसलिए ऐसे नजरिए पर अब पुनर्विचार की जरूरत है। कूटनीति शतरंज का एक लंबा खेल है, जिसमें हर दांव के बाद अगले दांव की संभावना बनी रहती है। अब मोइज्जू ने एक दांव चला है, लेकिन बात यहां से भी संभाली जा सकती है।

# साहिबे कमाल गुरु गोविन्द सिंह

**भारतीय** इतिहास के पृष्ठों के दशमेश पिता श्री गुरु गोविन्द सिंह जी का नाम अमिट है। आपका जन्म गीता के उस



कुलदीप सिंह फौजी
अम्बिकापुर (छत्तीसगढ़)

कथन का समर्थन करता है जिसके अनुसार जब-जब संसार में अत्याचार और अन्याय बढ़ जाता है,पाप प्रधान हो जाता है, तो ईश्वर या उसका अंश किसी महापुरुष के रूप में अवतरित होकर मुक्ति दिलाता है। देश, धर्म और मानवता के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले गुरु गोबिन्द सिंह इसी प्रकार अवतरित पुरुष थे। सभी प्रकार के भेद भावों से परे, सन्त, सिपाही गुरु गोविन्द सिंह सिख धर्म के लिए नहीं अपितु अखिल मानवता के लिए ज्योति पूँज थे गुरु गोबिन्द सिंह ने अपने बहुमुखी व्यक्तित्व से अपने युग को नई दिशा प्रदान की। श्री गुरु गोविन्द सिंह निष्ठावान, धर्म प्रर्वत्तक,उच्च कोटि के लेखक,सशक्त समाज सुधारक, क्रांतिकारी, लोक नायक, साहसी योद्धा और आशावादी राष्ट्र नायक थे। सेवा त्याग सदाचार के द्वारा सत्य की उपलब्धि को जीवन का चरम लक्ष्य मानने वाले सिखों में उन्होंने वीर भावना का संचार किया तथा स्वयं अन्याय और अत्याचारों के विरुद्ध युद्ध करते रहे,उनकी कामना थी

**देहि शिवा वर मोहि इहै, शुभ कर्मन ते कबहु न टरौं।**
**न डरौं अरि सौं, जब जाय लरौं,निसचै करि अपनी जीत करौं।**


गुरु गोबिंद सिंह ने मुगल शासकों के अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई थी उन्होंने कायरों को वीर और निर्बलों को शूरवीर बना दिया था उन्होंने काल बनकर शत्रुओं का सामना किया,इसके साथ साथ उन्होंने धर्म, जाति और राष्ट्र को एक नया रूप दिया,

श्री गुरु गोविंद सिंह का जन्म 22 दिसंबर, 1666 को पटना में हुआ था इनके बचपन का नाम गोविंद राय था, इनके पिताजी का नाम गुरु तेग बहादुर और माताजी का नाम गुजरी जी था इनका जन्म स्थान पटना बिहार जो कि 'तख्त श्री पटना हरिमंदिर साहिब' के नाम से प्रसिद्ध हैं।

गुरु गोविंद सिंह जी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चक्क नानकी (वर्तमान-आनन्दपुर साहिब) से पूरी की थी उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा लेने के साथ साथ एक महान योद्धा बनने के लिए शस्त्र चलाने की विद्या, लड़ने की कला और तीरंदाजी करना की कला सीखी थी।

उनके व्यक्तित्व का एक भव्य पक्ष उनका कवि रूप भी है। उनका शरीर पर्वत के समान कठोर था,परन्तु उनके हृदय में दया का झरना भी बहता था। आपके दरबार में 52 कवि सुषोभित थे,अपने दरबार में उन्होने अनेकों कवियों को सम्मानित भी किया तथा भारतीय संस्कृति से सम्बन्धित अनेक ग्रन्थों की रचना भी करवाई। उन्होने स्वयं भी काव्य की रचना की और उनका काव्य दशम ग्रंथ के नाम से प्रसिद्ध है, जिसमें जाप साहिब, अकाल स्तुति, विचित्र नाटक, चौबीस अवतार,चंदी दी वार शस्त्रनामाल आदि रचनाएं संकलित हैं,अपनी रचनाओं मे आपने ईष्वरीय षक्ति का अद्भुत वर्णन किया।

संसारिक लोभ और मोह से गुरु गोविन्द सिंह अलग थे। उन्होने पंथ को सुदृढ़ ही



नहीं किया अपितु गुरुमता भी दी। उनकी गुरुमता के दो प्रसंग अत्यन्त प्रसिद्ध हैं,जब भाई कन्हैया जी ने आनन्दपुर के युद्ध में घायल सिखों के अतिरिक्त शत्रुओं के सैनिकों को भी पानी पिलाया तो गुरुजी ने उसे अपना सच्चा शिष्य मानकर गले लगा लिया। और इसी प्रकार जब उनके पुत्रों को क्रूरता से मौत की गहरी नींद में सुला दिया गया तो उन्होंने निर्विकार होकर कहा

इन पुत्रन के सीस पर, वार दिए सुत चार, चार मुए तो क्या हुआ, जब जीवित कई हजार, उस समय में औरंगजेब का राज्य था वो हिन्दुओं पर बहुत सारे अत्याचार करता था कश्मीर में हिन्दुओं को जबरदस्ती मुसलमान बनाया जा रहा था,घबराए हुए कश्मीरी ब्राह्मण इनके पिता श्री गुरु तेग बहादुर के पास चले आए उन्होंने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए प्रार्थना की,तब पिता श्री गुरूतेग बहादुर जी ने कहा कि किसी महान पुरुष का बलिदान ही उनकी रक्षा कर सकता हैं उस समय पास बैठे हुए बालक गुरु गोविंद सिंह जी ने अपने पिताजी से कहा की आप से बढ़कर महापुरुष और कौन हो सकता हैं,तब गुरु तेग बहादुर ने अपने जीवन का बलिदान देने का निश्चय कर लिया,उन्होंने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए दिल्ली में जाकर अपने आपको बलिदान कर दिया,वर्तमान में यहां गुरूद्वारा सीसगंज साहिब (चांदनी चौक,दिल्ली) स्थित है।

धर्म एवं समाज की रक्षा हेतु ही गुरु गोविंद सिंह जी ने 1699 ई. में खालसा पंथ की स्थापना की। पाँच प्यारे बनाकर उन्हें गुरु का दर्जा देकर स्वयं उनके शिष्य बन जाते हैं,उन्होंने सभी जातियों के भेद-भाव को समाप्त करके समानता स्थापित की और उनमें आत्म-सम्मान की भावना भी पैदा की। गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिवजादे (पुत्र) थे बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह आपके बड़े साहिबजादे थे जिन्होंने चमकौर के युद्ध में शहादत प्राप्त की थीं। और छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और फ्तेह सिंह को सरहंद के नवाब ने जिंदा दीवारों में चुनवा दिया था। युद्ध की दृष्टि से आपने केसगढ़, फतेहगढ़, होलगढ़, अनंदगढ़ और लोहगढ़ के किले बनवाएँ। पौंटा साहिब आपकी साहित्यिक गतिविधियों का स्थान था।

दमदमा साहिब में आपने अपने आत्मबल से श्री गुरुग्रंथ साहिब का उच्चारण किया और लिखारी (लेखक) भाई मनी सिंह जी ने गुरुबाणी को लिखा। गुरुजी रोज गुरुबाणी का उच्चारण करते थे और श्रद्धालुओं को गुरुबाणी के अर्थ बताते जाते और भाई मनी सिंह जी लिखते जाते, इस प्रकार लगभग नौ महीनो,नौ दिन,नौ घडियो में लिखाई के साथ-साथ गुरुबाणी की संपुर्ण व्याख्या भी की ।इसके साथ ही आप धर्म, संस्कृति और देश की आन-बान और शान के लिए पूरा परिवार कुर्बान करके नांदेड में अबचल नगर (श्री हुजूर साहिब) में गुरुग्रंथ साहिब को गुरु का दर्जा देते हुए और इसका श्रेय भी प्रभु को देते हुए कहते हैं- 'आज्ञा भई अकाल की तभी चलाइयो पंथ, सब सिक्खन को हुक्म है गुरू मानयो ग्रंथ।'


अर्थात उस अकाल पुरख परमात्मा की आज्ञा से ही मैने खालसा पंथ की स्थापना की है,सब सिक्खों को मेरा ये हुक्म है कि अब गुरू ग्रंथ साहिब को ही अपना गुरू मानें ।

गुरु गोबिंद सिंह जी ने 42 वर्ष तक सांसारिक यात्रा पुर्ण करते हुए सन् 1708 को नांदेड में ही सचखंड गमन कर दिया ।

**वाहेगुरू जी का खालसा, वाहेगुरू जी की फतेह।।**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मोर बर गंगा मोर बर जमुना



मोर बर गंगा मोर बर जमुना
मोर बर इहें हर काशी रे
मै हर छत्तीसगढीहा भईया
छत्तीसगढ़ के वासी रे।।
बनिहारी मोर खेती-किसानी
खाथंव मै हर बासी रे।।
मोर बानी हे छत्तीसगढ़ी
गुरतूर मोला लागे रे
कमर म धोती मुड़ म पागा
सुग्घर मोला भाथे रे।।
शहर के भाखा मोला संगी
सुन-सुन आवय हांसी रे।।
दार-भात मै नई जानव संगी
नई जानव बासी -बोरे रे
तरकारी नई जानव संगी
खाथंव आमा अथान बोर रे।।
नगर शहर ल मै नई जानव
मै जानव खेती-बारी रे।।
मोर बर तीज़ा मोर बर पोरा
मोर दशहरा देवारी रे
ठेठरी खुर्मी बरा भजिया
गुरतूर गुझिया लागे रे।।
खोवा समोसा मै नई जानव
जानव मै हर सोंहारी रे।।
नागर-बईला मोर संगी हे
मोर संगी हे तुतारी रे
कोदो कनकी राहेर अरसी
उपजाथन उन्हारी रे।।
धरम-करम मोर खेती-किसानी
मोर दाई अन्न कुमारी रे।।



अशोक पटेल आशु
तुस्मा,शिवरीनारायण छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# बिन सत्ता के नेता कैसे रहे कांग्रेस में ?

**जब** भी कांग्रेस का कोई नेता पार्टी छोड़ता है तो उसे नए और पुराने की बाइनरी में देखा जाता है। इसके अलावा दूसरे पहलुओं पर देखने की जहमत नहीं उठाई जाती है। पीढ़ियों के संघर्ष की बाइनरी चूंकि बहुत सुविधाजनक है इसलिए इस पहलू से देख कर मामले को हर बार रफा-दफा कर दिया जाता है। इसमें एक फायदा यह भी है कि इस पहलू से देखने पर राहुल गांधी के ऊपर निशाना साधना आसान हो जाता है, जो भारतीय जनता पार्टी की राजनीति के बहुत अनुकूल होता है। ऐसे नेता, जिनका कांग्रेस से मोहभंग नहीं हुआ है या वैचारिक-राजनीतिक कारणों से भाजपा में नहीं जाना चाहते हैं, लेकिन राहुल गांधी को पसंद नहीं करते हैं या उनको लगता है कि उनका राजनीतिक करियर राहुल की वजह से खत्म हो रहा है वे कांग्रेस की कमजोरी या किसी नेता के पार्टी छोड़ने की घटना को नए और पुराने के परिप्रेक्ष्य में व्याख्यायित करते हैं और मीडिया व सोशल मीडिया को राहुल पर हमला करने का मौका मुहैया कराते हैं।

तभी जब मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस छोड़ी तो निशाने पर राहुल गांधी आए। समूचा सोशल मीडिया ऐसी पोस्ट से भरा है, जिसमें राहुल पर हमला किया गया है। एक पुरानी तस्वीर शेयर की जा रही हैं, जिसमें मिलिंद देवड़ा के साथ जितिन प्रसाद,ज्योतिरादित्य सिंधिया, आरपीएन सिंह और सचिन पायलट खड़े हैं। इनमें से पायलट के अलावा बाकी चार कांग्रेस छोड़ चुके हैं। तीन अभी भाजपा के साथ हैं और मिलिंद देवड़ा भाजपा की सहयोगी शिव सेना में शामिल हुए हैं। सचिन पायलट ने भी बगावत कर ही दी थी लेकिन उनको सिंधिया की तरह कामयाबी नहीं मिली तो वे कांग्रेस में ही रह गए और अब उसी में अपनी जगह तलाश रहे हैं। कहा जा रहा है कि राहुल गांधी की गलती थी कि उन्होंने ऐसे युवराजों को आगे बढ़ाया और उन्हें केंद्र में मंत्री बनवाया। तथ्यात्मक रूप से यह सही है कि राहुल की तरह ही ये सभी युवराज थे और इनको बहुत कम उम्र में केंद्र में मंत्री बना दिया गया था। लेकिन इन तथ्यों की अभी जो व्याख्या हो रही है वह व्याख्या 2009 में नहीं हो रही थी। तब इसे राहुल गांधी का मास्टरस्ट्रोक कहा जा रहा था कि उन्होंने चुपचाप कांग्रेस के अंदर नेताओं की दूसरी लाइन तैयार कर दी। इसके लिए राहुल गांधी की तारीफ हो रही थी कि उन्होंने नए और युवा नेताओं को आगे किया है। अलग अलग समय की कसौटी पर दोनों व्याख्याएं सही प्रतीत होंगी। लेकिन उस समय जो मास्टरस्ट्रोक था आज वह ऐतिहासिक भूल है। सर्वकालिक सही साबित होने वाले फैसले आमतौर पर राजनीति में कम होते हैं और व्यक्तियों के मामले में तो और भी कम होते हैं। बहरहाल, अगर कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने के घटनाक्रम को नए और पुराने की बाइनरी में देखेंगे तो सवाल उठेगा कि अगर पार्टी के भीतर नए और पुराने का विवाद चल रहा है और राहुल गांधी पुराने नेताओं को किनारे कर रहे हैं तो फिर नए नेताओं के पार्टी छोड़ने की बात को कैसे जस्टिफाई करेंगे? दूसरी ओर अगर यह कहा जाता है कि पुराने नेताओं ने पार्टी पर कब्जा रखा है, जिससे नए नेताओं को अवसर नहीं मिल रहा है तो फिर पुराने नेताओं के पार्टी छोड़ने का क्या तर्क होगा? ध्यान रहे पार्टी छोड़ने वालों में अगर ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, आरपीएन सिंह और मिलिंद देवड़ा जैसे नए नेता हैं तो कैप्टेन अमरिंदर सिंह, गुलाम नबी आजाद, सुनील जाखड़ जैसे पुराने नेता भी हैं। इसलिए यह सिर्फ नए और पुराने का संघर्ष या पार्टी के आंतरिक मतभेद का मामला नहीं है। ये सिर्फ सतह पर दिखने वाली चीजें हैं। असली कारण कुछ और है।असल में कांग्रेस को एकजुट रखने और नेताओं को जोड़े रखने वाली सत्ता की गोंद सूख रही है। कांग्रेस इससे पहले कभी लगातार 10 साल तक केंद्र की सत्ता से बाहर नहीं रही और न राज्यों की सत्ता से इतने लंबे समय तक बेदखल रही है। इसका नतीजा यह हुआ है कि नेताओं का धैर्य खत्म हो रहा है। कांग्रेस को न विपक्ष में रहने की आदत है और न विपक्ष की राजनीति करने का तरीका आता है। कांग्रेस छोड़ कर तृणमूल कांग्रेस में जाने से कई साल पहले सुष्मिता देब ने एक दिन कहा था कि कांग्रेस सत्ता में रहती है या सत्ता के इंतजार में रहती है। चूंकि इस बार सत्ता का इंतजार लंबा हो गया इसलिए कांग्रेस के नेताओं का धीरज खत्म हो गया। पहले पांच साल तक तो कांग्रेस नेता सहज रूप से विपक्ष में रहे और इंतजार करते रहे कि अगली बार अपने आप सत्ता में आ जाएंगे। जब दूसरी बार भी कांग्रेस बुरी तरह से हारी तब नेताओं की उम्मीदें टूटने लगीं और वे दूसरी तरफ संभावना तलाशने लगे। अभी स्थिति यह है कि लगातार तीसरे चुनाव में कांग्रेस के लिए अच्छी संभावना नहीं दिख रही है और ऊपर से हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में कांग्रेस चुनाव हार गई। अगर वहां भी जीती होती तो कुछ हासिल होने की उम्मीद में नेताओं का पलायन रुका रह सकता था।

दूसरा अहम कारण वैचारिक क्षरण है। राहुल गांधी देश की मौजूदा राजनीति को विचारधारा की लड़ाई के तौर पर परिभाषित करते हैं। वे बार बार कहते हैं कि भाजपा और आरएसएस के खिलाफ वे विचारधारा की लड़ाई लड़ रहे हैं। वे नफरत की विचारधारा के खिलाफ मोहब्बत की दुकान लगाने की बात करते हैं। लेकिन असलियत यह है कि कांग्रेस अपना मध्यमार्ग और समावेशी राजनीति का रास्ता छोड़ कर भाजपा के बरक्स दूसरे किस्म की कट्टरपंथी राजनीति में उतर गई है। कई नेताओं ने यह बात अलग अलग तरीके से कही है कि कांग्रेस को गैर सरकारी संगठनों यानी एनजीओ की तरह या जेएनयू के छात्र संगठन की तरह राजनीति नहीं करनी चाहिए। उस तरह की राजनीति थोड़े समय के लिए युवाओं को आकर्षित तो करती है लेकिन चुनाव में सफल नहीं हो पाती है। कांग्रेस एक समय हर तरह की विचारधारा को साथ लेकर चलने वाली पार्टी थी। वह पहले भी भाजपा का विरोध करती थी लेकिन वह वैयक्तिक और एकपक्षीय नहीं था। हालांकि पहले भी विचारधारा कभी भी कांग्रेस को बांधे रखने वाली गोंद नहीं रही है, जैसा कि भाजपा और वामपंथी पार्टियों में है। फिर भी कांग्रेस में जब हर विचार के लोगों के लिए जगह थी और उनकी बात सुनी जाती थी तब फिर भी साथ चलते रहने की गुंजाइश होती थी। अब वह गुंजाइश कम होती जा रही है। हालांकि कांग्रेस से अलग होकर जो लोग भाजपा में जा रहे हैं वहां अलग विचार रखने की तो और भी गुंजाइश नहीं है लेकिन वहां सत्ता का चुम्बक है, जो उनको खींच रहा है।तीसरा कारण यह है कि कांग्रेस की अपनी राजनीति में बहुत स्पष्टता नहीं है। भाजपा पर नफरत फैलाने के आरोप लगाने और उसकी आलोचना करने के अलावा कांग्रेस की कोई स्पष्ट राजनीतिक दृष्टि नहीं दिखाई देती है। कूटनीति से लेकर आर्थिकी तक कोई वैकल्पिक विचार कांग्रेस ने पेश नहीं किया है। यह स्पष्ट नहीं है कि राहुल गांधी आज जिन आर्थिक नीतियों का विरोध कर रहे हैं वो नीतियां कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार की नीतियों से कैसे अलग हैं। चौथा कारण संगठन की कमजोरी है, जो एक एक करके नेताओं के निधन या संन्यास या उनके पलायन के कारण आई है। उसका कांग्रेस के पास कोई समाधान नहीं है। उसके पास न भाजपा के जैसा अनुशासित और बड़ा संगठन है और न आरएसएस के जैसी कोई ताकत है, जो सबको बांधे रहे। इसलिए नेताओं के अंदर कांग्रेस का समय लौटने का भरोसा कम होता जा रहा है।

**-अजीत द्विवेदी-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## व्यंग्य

# प्रकाश नाथ

**वह** मूर्ख है जो दोस्तों को उधार दे! और उससे बड़ा मूर्ख वह दोस्त है जो वह पैसे वापस लौटा दे! उधार लेने वाला आपके सामने एक बार गिड़गिड़ाता है



सुभाष बुड़ावन वाला,
रतलाम, मध्यप्रदेश

और उधार देने के बाद आपको उसके सामने बारबार गिड़गिड़ाना पड़ता है! मगर यदि किसी रिश्तेदार से पीछा छुड़ाना हो तो यदि वह गरीब है तो उसे कुछ पैसे उधार दे दीजिए फिर उसकी शक्ल आपको नहीं दिखाई देगी! और यह दिवस धनवान है तो उससे कुछ पैसे उधार मांग लीजिए फिर उसकी भी शक्ल आपको नहीं दिखाई देगी!

उधार वापस माँगने के मज़ेदार तरीके! आप को आप का पैसा पक्का मिल जाएगा!

उधार माँगने वालों की यादाश्त की बड़ी दिक्कत रहती है। उधार लेते ही भूल जाते हैं। फिर आप लग जाइए उनके पीछे ख़ुफ़िया पुलिस या किसी भिखारी की तरह और उधारिये ऐसे पेश आएँगे जैसे आप से उधार लेकर उन्होंने आप पर एहसान किया है, शायद आपको मोक्ष की प्राप्ति करवाने में मदद की है!

**ऐसों के साथ क्या किया जाए?**

यह उधार वापस माँगने के मज़ेदार तरीके अपनाईये और देखिये कैसे आपके ख़ून-पसीने की कमाई वापस आपकी जेब में आती हैः आपने उन्हें फ़ोन कर लिए, मैसेज छोड़ दिए, लेकिन कोई हल नहीं निकल रहा? कोई बात नहीं, अब एक नियम बना लीजिये कि दिन में एक बार उनके घर या ऑफिस जाना है। वहाँ जाके कुछ मत कहिये, बस चाय-कॉफ़ी पीजिये,यहाँ-वहाँ की हाँकिये और लौट आईये! लेकिन रोज़ ऐसा कीजिये! फिर देखिये!

ज्यादा सोचिये मत, उनके साथ लंच-डिनर पर जाइए और बिल चुकाने के वक्त बहाना बना लीजिये कि आप अपना पर्स लाना भूल गए! हाँ लेकिन ध्यान रहे कि आप के पास कुछ पैसे ज़रूर हों वरना अगर उधारिया सच में ठन-ठन गोपाल हुआ तो आप फँस जाएँगे! किसी हट्टे-कट्टे व्यक्ति या शक्तिशाली दोस्त की मदद लीजिये। उनके साथ योजना बना कर अपने उधारिये से मिलिए और बातों-बातों में कह दीजिये कि आपने उस शक्तिशाली व्यक्ति का उधार चुकाना है। चूंकि आपके पास पैसे नहीं हैं तो उधारिया ही सीधे उस शक्तिशाली व्यक्ति के पैसे चुका दे! बस, झट से आपका उधार वसूल हो जाएगा! अब यह उधार लेने वाले तो बेशर्म हैं तो आपको भी थोड़ा बेशर्म होना पड़ेगा7 मान लीजिये आपको उनसे 5000 रुपये लेने हैं और मालूम है कि वो नहीं देगा तो जब भी उनसे मिलना हो, 200-500 रूपए ले लीजिये किसी ना किसी बहाने से! धीरे-धीरे ही सही, आप अपना पैसा निकलवा ही लेंगे!

आजकल सोशल मीडिया का ज़माना है। बिना उनका नाम लिए या सीधा बदनाम किये, फेसबुक या ट्विटर पर उधार संबंधी बातें कीजिये! बातों ही बातों में कहिये कि कैसे आप अपने उधारियों का चेहरा सबके सामने लाने वाले हैं! समाज में बेइज्जती का डर उन्हें आपके पैसे वापस करने पर मजबूर कर देगा!

थोड़ी बेशर्मी और अपनाईये,उनके ऑफिस या घर जाइए और उनकी कोई चीज़ उधार ले आईये। जैसे कि पेन ड्राइव या लैपटॉप या ऐसा कुछ जिसका मूल्य आपके उधार दिए पैसों के आस-पास हो। फिर देखिएगा, अपना सामान वापस लेने के लिए उधारिये सर पर चल के आपके पैसे देने आएँगे!

अगर आपको पता हो कि उनके पास पैसे हैं और फिर भी वो आपका उधार नहीं चुका रहे तो अपने कुछ कॉमन दोस्तों को उनके पास भेजिए किसी मज़ेदार निवेश योजना के साथ। जैसे ही वो निवेश के लिए पैसे देने को राज़ी हों, धर पकड़िए!

हर इंसान अपने दोस्तों और परिवार के सामने अपनी बड़ी ही सुन्दर छवि रखना चाहता है! बस, उनके अपनों के आगे उधार की बातें कीजिये, उन्हें खूब शर्मिंदा कीजिये लेकिन बिना नाम लिए! अगर इस से भी काम ना बने तो नाम ले ही लीजिये! यह पक्का है कि अगर उनकी आँखों में ज़रा भी शर्म होगी तो आपके पैसे जल्द वापस आएँगे! सबसे कमाल, यह स्मार्ट फ़ोन पर एक नयी एप्प है जो आपके सभी उधारियों की एक सूची संभाल के रखती है। जिस दिन जिस ने उधार देना है, उस दिन उसको मैसेज के ज़रिये याद दिला दिया जाएगा। अगर वक्त पर पैसा ना आये तो यह आपकी तरफ से उन्हें ईमेल भेजेगी, फेसबुक या ट्विटर पर याद करवाएगी कि भाई साहब उधार वापस दे दो वरना जग हँसाई हुई तो खुद ज़िम्मेदार होंगे! आप की चिंता ख़त्म, बस आराम से बैठिये!

जितने भी तरीके बताये हैं, उन्हें एक बार इस्तेमाल करके देखिये और फिर होगा जादू!उधार लेने वालों की यादाश्त तो वापस आएगी ही, आपके पैसे भी लौट आएँगे!

# सच्चरित्र व्यक्ति को मित्र बनाने से मिलती हैं खुशियां

**एक** अच्छे चरित्र का इंसान सबको आकर्षित करता है, लेकिन एक अच्छा चरित्रवान इंसान बनना



आसिया फारूकी
फतेहपुर उत्तरप्रदेश

सबसे कठिन कार्य है। एक विचारक ने कहा है, जब धन चला गया तो कुछ भी नहीं गया, जब स्वास्थ्य चला गया तो कुछ गया, पर जब चरित्र चला गया तो सब कुछ चला गया। समस्त मानव जीवन का कुछ सार है तो वह है, मनुष्य का चरित्र। आज संसार में ऐसे व्यक्तियों की आवश्यकता है जो धन के लिए अपने आप को बेचते नहीं, जिनके रोम-रोम में ईमानदारी भरी हुई हो, जिनके भीतर सत्य का प्रकाश हो, जो कठिन कार्यों को देखकर हिचकिचाते नहीं हो, जो अपने नाम का ढिंढोरा पीटें बिना ही साहसपूर्वक काम करते हैं। सही दृष्टि में वह ही चरित्रवान इंसान है, फिर चाहे वह महिला हो या पुरुष। आगे बढ़ने के लिए अपने चरित्र को दांव पर लगा देना एक निंदनीय कार्य है। उत्तम विचार वाला व्यक्ति समाज के लिए एक बहुत बड़ी संपत्ति है। चरित्र एक दृढ चट्टान है जिस पर खड़ा व्यक्ति अजेय और महान होता है।

राष्ट्रवादी नेता लोकमान्य तिलक ने कहा है, ÷संसार में सच्चरित्र व्यक्ति ही उन्नति प्राप्त करते हैं, आगे बढ़ते हैं और ऊंचे शिखर पर नज़र आते हैं।÷ व्यक्ति का संपूर्ण जीवन उसके कार्य विचार मनोभाव निर्मलता से ऊंचा उठता है। शुद्धि से ही चरित्र का गठन होता है। चालाक तरीके से पाई गई सफलता या ऊंचाई कुछ दिनों की होती है। सच्चे मायने पर सेवा, दया, परोपकार, उदारता त्याग, शिष्टाचार, सद्व्यवहार आदि चरित्र के बाह्य अंग हैं।अंदर से अपने मन को साफ रखें, छल कपट से बचें। जैसा आपका चरित्र है, वैसे ही आपकी दुनिया बन जाती है। आपके चरित्र की छवि आपके चेहरे पर भी दिखाई देती है। आपका जीवन आपका संसार आपके ही चरित्र की देन होता है। आप चाहे जैसी दुनिया बनाएं। उत्तम चरित्र जीवन को सही दिशा में प्रेषित करता है। चरित्र मानव जीवन की नींव है। यदि नींव जर्जर व कमज़ोर होगी तो जीवन विश्वास पूर्वक खड़ा नहीं रह सकेगा। इंद्रियों के बहकावे में आकर जीवन पथ से भटक जाना मनुष्य जैसे बुद्धिमान प्राणी के लिए श्रेयस्कर नहीं लगता है। हम इंसान हैं, प्रत्येक व्यक्ति में महान बनने की संभावना बीज के रूप में कहीं न कहीं उसके अंदर विद्यमान होती है। बस जरूरत है, उस बीज को बड़ा कर प्रशिक्षण और अभ्यास द्वारा उसका विकास करना। अपना लक्ष्य यदि आदर्श बनना है, तो इसके लिए व्यक्ति में आदर्श गुण और उत्कृष्ट विशेषताओं का वर्धन करना ही पड़ेगा। बचपन से ही अपने परिवार के साथ मिलकर चरित्र को दृढ बनाया जा सकता है। अपने माता-पिता से संस्कार लें, परिवार को एक संस्था ही नहीं रत्नों की खदान मान सकते हैं। जो परिवार में सद्गुणों का अभ्यास करते हैं। उनके लिए यह तनिक भी कठिन नहीं रहता कि लोक व्यवहार में पग-पग पर शालीनता का परिचय दें, और बदले में उत्साह भारी उपलब्धियों का पूरा लाभ सहज ही प्राप्त करते रहें।अपने परिवार के बड़े बूढ़ो को आदर्श मानते हुए उनके बताए हुए रास्ते पर चले। संस्कारी बनने का प्रयास करें, क्योंकि आज के दौर में चरित्र का मूल्य कम होता जा रहा है। हम धनवानों की जी हुजूरी करते हैं, नेताओं का मुंह ताकते हैं, विद्वानों की वाहवाही भी करते हैं, किंतु चरित्रवान और सदाचारी व्यक्ति को कोई महत्व क्यों नहीं देता। आज चरित्रवान व्यक्ति बहुत ही कम मिलते हैं। बढ़ता जा रहा है, भ्रष्टाचार, बेईमानी, धोखाधड़ी, भेदभाव, ईर्ष्या, द्वेष आदि बुराइयों अपने चरित्र को भूलकर भौतिक सुख की अंधी दौड़ में लगने का ही परिणाम है।

जब तक हम चरित्र के प्रति जागरूक न होंगे, चरित्र को सर्वोपरि न मानेंगे। तब तक हमारे व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन की विषमताएं दूर नहीं होगी। आजकल लोगों के चारित्रिक पतन का जो नया दौर आरंभ हुआ है, वह कहीं रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है। समाज में बुराइयां, धोखाधड़ी, रेप, झूठ, बेईमानी, ठगी यह सभी बुराइयां फैली हुई हैं। अब यह ज़िम्मेदारी युवा वर्ग पर आप पड़ी है कि देश का सम्मान ऊंचा उठने के लिए स्वयं अपना चरित्र उज्जवल रखें और दूसरों के चरित्र की रक्षा करें। इंद्रियों के बहकावे में आकर जीवन पथ से न भटकें। अपनी बुद्धि का सही उपयोग करें। मनुष्य के पास अपार शक्ति होती है। जब हम अपने चरित्र को उज्ज्वल करेंगे तब हमें सच्चे सुख की अनुभूति होगी और हमारा मानव जीवन भी सार्थक होगा। असुरों की तरह नहीं शैतानों की तरह नहीं देवताओं और फरिश्तों की तरह जीने का प्रयास करें। अपने जीवन को वरदान की तरह जीना चाहिए, सद्गुणों को अपने अंदर उतारें, अगर ठान लो तो कोई भी काम मुश्किल और कठिन नहीं, हमें अपने बड़ों का कहना मानना चाहिए, उनकी इज्ज़त करनी चाहिए। समय के महत्व को जानें। अपनी भावनाओं, इच्छाओं व विचारों का ईमानदार प्रस्तुतीकरण रखें। करनी और कथनी एक रखें। किसी से जो कहें वह करें अपना किया हुआ वादा पूरा करें, जुबान का महत्व रखें, तोल-मोल कर बोलें। शेखी बघारना बड़ी-बड़ी बातें करना दिखावा करना इन सभी चीज़ों से चरित्र का हनन होता है।आत्मसम्मान, व आत्म छवि को बनाकर रखें।अपने व्यवहार में दृढता लाएं। नकारात्मक भाषणों व विचारों से बचें। मनचाहा फल मिले या नहीं अपने आप को प्रोत्साहित करते रहें। स्वयं प्रेरणा से कार्य करें, बेचैनी और व्याकुलता से बचें। अपने हृदय से घृणा निकालकर प्रेम भरें, दूसरों की तारीफ़ करना सीखें, उनके कार्यों को सराहें, जीवन में हमेशा कुछ न कुछ सीखते रहें और अपने समय का सदुपयोग करें। इन छोटी-छोटी बातों को अपना लें तो इंसान का चरित्र निर्माण आरंभ हो जाएगा ।किसी भी व्यक्ति के विचार इच्छाएं, आकांक्षाएं और आचरण जैसा होगा उन्हीं के अनुसार चरित्र का निर्माण होगा। अच्छे चरित्र के निर्माण के लिए आत्मविश्वास बहुत जरूरी है। अपनी बॉडी लैंग्वेज का ध्यान रखना भी जरूरी है, न हद से ज्यादा बोल न हद से कम बोलें और सबसे खास बात फोन लगाकर बार-बार दूसरों को परेशान करने की आदत न बनाएं। मगरूर, अना पसंद, आत्ममुग्ध लोगों से बचने का प्रयास करें। अच्छे चरित्र वाले लोगों को मित्र बनाए फिर देखें आपका चरित्र लोगों के सामने मिसाल बन प्रस्तुत करेगा। आपको जीवन में खुशियां ही मिलेंगी।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## अवध में श्री राम आये है

अयोध्या मे बजेंगे अब ढ़ोल और तासे
बटेंगे नगर अब तो मिठाई और बतासे
आस्था को जगाने स्वयं श्री राम आये है
अवध मे आज फिर से श्री राम आये है
मर्यादा का आधार ही रघुवर श्री राम है
सहनशीलता की पहचान ही श्री राम है
जगत रचना हेतु नये आयाम बनाये है
अवध मे आज फिर से श्री राम आये है
हर्षित है बागो की अब तो हरेक डाली
सुरभित हो लगा रही ललाट पर लाली
रामराज लाने स्वयं ही भगवान आये है
अवध मे आज फिर से श्री राम आये है
दीप जले घर-घर जैसे नित दीवाली हो
घटेगा तम चाहे रात कितनी काली हो
अमावस मे पूर्णिमा बन श्री राम आये है
अवध मे आज फिर से श्री राम आये है
नया सवेरा आने को कितना आतुर है
स्वागत मे ऋतू बसंत आने को आतुर है
असत्य पर सत्य का ध्वजा फहराये है
अवध मे आज फिर से श्री राम आये है
तन-मन प्रफुल्लित हुआ है आगमन से
हर दिन अलौकिक हुआ है आगमन से
प्रभु के आने का जबसे पैगाम आये है
अवध मे आज फिर से श्री राम आये है
सजाये अब तो रोली कुमकुम की थाली
करें स्वागत स्वयं प्रभात फैलाकर लाली
स्वागत मे आपके प्रत्येक कली बौराये है
अवध मे आज फिर से श्री राम आये है



प्रमेशदीप मानिकपुरी
धमतरी छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## नाड़ी

बर्फीली ठंड में
बीच-बीच में खांसी की
आवाज आती है
मुझे वह आवाज सुनना
अच्छा नहीं लगा
शोर जारी है
जीवन की साँसों का
उस खांसने की आवाज फिट बैठती
है जो पकड़ को पकड़ लेती है
एक लंबी पीढ़ी कोई गैप नहीं है
औक्सीजन की कमी
नहीं दिया...
हालाँकि, प्रकृति की महिमा
प्रतिरक्षा के माध्यम से
जीवित रहने के लिए
जीवन की बात पर आते है
मानवता की धड़कन



ओत्तेरी सेल्वा कुमार
चेन्नई, तमिलनाडु

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों से सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# नव विवाहिता की फांसी पर लटकी मिली लाश,परिजन ने लगाया ससुराल वालों पर हत्या कर टांगने का आरोप

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,17 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोलडिहा में मंगलवार की रात को नव विवाहिता की फांसी पर लटकी हुई लाश मिली है। सूचना पर पुलिस को मौके पर पहुंचने से पूर्व ही ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हो चुके थे। वहीं सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने हत्या कर फांसी पर टांगने का आरोप ससुराल वालों पर लगाया है। मायके वालों का कहना है कि मृतका को दहेज के लिए ससुराल वाले काफी पड़ताड़ित कर रहे थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार कल्याणपुर के ग्राम बदौली निवासी 22 वर्षीय यशोदा यादव की शादी 2 मई 2023 को गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोलडिहा निवासी विजय यादव से हुई थी। मंगलवार की रात को यशोदा यादव की लाश ससुराल में फांसी पर लटकी हुई मिली। सूचना पर गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची तो ससुराल वाले फरार हो चुके थे। घर में कोई नहीं होने के कारण रात में पुलिस घर को सील कर दिया और मामले की जानकारी मृतका के मायके वालों को दी। सुबह मायके वालों की उपस्थिति में मृतका के शव को फंदे से उतारा गया। पुलिस फिलहाल शव का पीएम कराकर परिजन को सौंप दिया है। मायके वालों का कहना है कि शादी के एक माह बाद से ही ससुराल वालों द्वारा मृतिका को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। दहेज में कार की मांग की जा रही थी। जिसको लेकर आए दिन मारपीट भी किया जा रहा था।

प्रताड़ना से परेशान होकर मृतका 31 दिसंबर को मायके चली गई थी। इसके बाद मृतका का पति और उसके बड़े पिता लड़ाई झगड़ा नहीं करने की बात कह कर उसे अपने साथ ले गए थे। इसके बाद सभी ने मिलकर उसकी हत्या कर शव को फांसी पर टांगकर फरार हो गए हैं। सूचना मिलते ही नगर सीएसपी स्मृतिक राजनाला, गांधीनगर पुलिस सहित एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। परिजनों का आरोप है कि मंगलवार को भी यशोदा के साथ मारपीट की गई है। फिलहाल शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया है। वहीं पुलिस का कहना है कि फरार ससुराल वालों की तलाश की जा रही है।



## लड़कियों के दो गुटों के बीच जमकर हुई मारपीट,वीडियो वायरल

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,17 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

शहर के कलाकेन्द्र मैदान के सामने मंगलवार की दोपहर लड़कियों के दो गुटों के बीच जमकर हाथ-मुक्का व लात चला। मौके पर खड़े लोगों ने बीच बचाव किया तब जाकर मामला शांत हुआ।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर 3 बजे के करीब कलाकेन्द्र मैदान के सामने अचानक दो युवतियों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों ही पक्षों की अन्य युवतियां भी अपनी-अपनी सहेलियों के समर्थन में आ गई। दोनों युवतियों में एक दूसरे के बाल खींचने से विवाद और भड़क गया तथा देखते ही देखते दोनों पक्षों की आधा दर्जन से अधिक लड़कियों में मारपीट शुरू हो गई। इन युवतियों के साथ ही कुछ लड़के भी थे जिन्होंने मामला शांत कराने का प्रयास किया परन्तु असफल रहे जिसके बाद आसपास के अन्य लोगों ने भी बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। झगड़े का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय अंबिकापुर में स्टार सेरेमनी का आयोजन

» जिले मे पदस्थ सहायक उप निरीक्षक भूपेश सिंह एवं राकेश सिंह को उप निरीक्षक के पद पर किया गया पदोन्नत

» पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा उप निरीक्षकों को नई दायित्यो का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने दी गई शुभकामनायें

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,17 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।





आज पुलिस मुख्यालय रायपुर के आदेश के परिपालन में पुलिस अधीक्षक सरगुजा सुनील शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय अंबिकापुर मे स्टार सेरेमनी का आयोजन कर जिले मे पदस्थ सहायक उप निरीक्षक भूपेश सिंह एवं राकेश सिंह को स्टार लगाकर उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत कर शुभकामनाएं दी गई।

पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा उप निरिक्षकों को विभाग द्वारा मिली नई दायित्यो का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने हेतु शुभकामनाएं दी गई,साथ ही विभागीय कार्यों मे गतिशीलता लाकर तत्परता के साथ कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया, कार्यक्रम के दौरान उप निरीक्षक भूपेश सिंह एवं राकेश सिंह के बेहतर सेवाओं की सराहना कर अग्रिम सेवाओं हेतु शुभकामनायें दी गई।

स्टार सेरेमनी के दौरान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (ग्रामीण) अखिलेश कौशिक, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सीतापुर श्री राजेंद्र मंडावी,निरीक्षक कैलाश मिर्रे, उप निरीक्षक सी. पी. तिवारी, उप निरीक्षक (एम) अभय सिंह, रीडर अजीत मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी एवं पुलिस स्टाप शामिल रहे।

## गांजा बेचती महिला गिरफ्तार

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,17 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रही महिला को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

16 जनवरी को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की नावागढ़ में एक महिला अपने घर के पास गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर नावागढ़ निवासी सीमा उर्फ परमेश्वरी पति इंसार उम्र 45 वर्ष को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 1 किलो ग्राम गांजा पाया गया। जिसे पुलिस ने जब्त कर आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राजेश सिंह,उप निरीक्षक अभिषेक दुबे, महिला प्रधान आरक्षक वीणा रानी तिर्की, आरक्षक धनकेश्वर पैकरा, अनुराग साय, विकास केरकेट्टा शामिल रहे।




## तेज रफ्तार ट्रक ने गंभीर मरीज को लेकर जा रहे एंबुलेंस को मारी टक्कर




- संवाददाता -
अम्बिकापुर,17 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

शहर के बिलासपुर चौक के पास मंगलवार की देर रात तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने संजीवनी 108 को टक्कर मार दी। इससे एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई। एंबुलेंस चालक मेडिकल कॉलेज अस्पताल से गंभीर मरीज को लेकर रायपुर जा रहा था। एंबुलेंस में चालक सहित 6 लोग सवार थे।

जानकारी के अनुसार आनंद नामक व्यक्ति को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया गया था। इसकी स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने रायपुर रेफर कर दिया था। मंगलवार की रात करीब 1 बजे संजीवनी 108 से मरीज को रायपुर ले जाया जा रहा था। एंबुलेंस में मरीज व उसके परिजन सवार थे। एंबुलेंस बिलासपुर चौक के पास पहुंची ही थी कि खरसिया रोड की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने एंबुलेंस को टक्कर मार दी। इससे एंबुलेंस पलट गई और गंभीर मरीज सहित सभी घायल हो गए। एंबुलेंस में चालक सहित कुल 6 लोग थे। सभी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। किसी को गंभीर चोट नहीं आई थी। पुनः मरीज को बुधवार की दोपहर दूसरे एंबुलेंस से रायपुर भेजा गया।

## शहर के विभिन्न स्थानों पर संचालित मटन-मछली की दुकानों को बंद करवाने की मांग

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 17 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

गैर राजनीतिक दल आजाद सेवा संघ ने कलेक्टर के नाम का ज्ञापन सौंपा। प्रदेश सचिव रचित मिश्रा एवं संघ छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता के नेतृत्व में संघ कार्यकर्ताओं द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में बिना लाइसेंस के खुले मांस-मछली के दुकानों पर जांच कर उन्हें बंद करवाने का मांग किया गया।



आजाद सेवा संघ ने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में लिखा कि शहर के विभिन्न भागों में कई जगहों पर बिना लाइसेंस की कई दुकानें मांस बेच रहे हैं। शासन द्वारा पूर्व सुनिश्चित की गई जगह मरीन ड्राइव है। फिर भी कई सारे लोग वहां से हटकर शहर के बीचो-बीच एवं शहर के किनारे में भी अवैध रूप से मांस बेच रहे हैं जैसे गुदरी चौक, समलाया मंदिर के पीछे मोमिनपुरा, महेंद्रगढ़ रोड आदि स्थान पर अवैध मांस की दुकानें हैं जिन्हें या तो एक अलग स्थान मरीन ड्राइव के जैसा ही दे दिया जाए या तो इन्हें बंद कर दिया जाए क्योंकि यह लोगों की धार्मिक भावना को क्षति पहुंचाता है। एवं आपसे निवेदन यह है कि जैसा की 22 जनवरी को देश के राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव है और यह एक बहुत बड़ा दिन है जिसे हम नगरवासी एवं समस्त देशवासी दूसरी दिवाली के रूप में तैयारी कर रहे हैं जिसे देखते हुए हम पूरे शहर वासियों की तरफ से आपसे यह आग्रह करते हैं कि उस दिन हमारे सरगुजा जिले में मांस मटन की दुकानों को बंद रखा जाए। धार्मिक भावनाओं को देखते हुए इन दो सूत्रीय मांग पर जल्द से जल्द कोई निर्णय किया जाए। अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होनी है जिसको देखते हुए प्रदेश जिले के साथ-साथ पूरे देश भर में खुशी का माहौल है वहीं कई राज्यों में ड्राई डे भी घोषित किया गया है जिसको देखते हुए संघ ने 22 जनवरी का उल्लेख करते हुए मांग किया है कि उसे दिन प्रशासन के द्वारा कड़ी नजर रखा जाए जिससे धार्मिक भावनाएं आहत न हो।

## श्री गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,17 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

धन धन श्री गुरु गोविंद सिंह जी का 357 वां प्रकाश पर्व आज दिनांक 17 01 2024 को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा अंबिकापुर में बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया सुबह से ही गुरुद्वारे में शब्द कीर्तन प्रारंभ हुआ सिख संगत के साथ नगर वासियों ने बड़े ही श्रद्धा के साथ गुरुद्वारा में माथा टेका 11ः00 बजे से विशेष दीवान सजाया गया जिसमें रागी जत्था ज्ञानी दविंदर सिंह तथा साथियों के द्वारा शब्द कीर्तन कर उपस्थित संगत को निहाल किया । उपरांत समाज की कौर फोरम ग्रुप की 27 युवा महिलाओं के द्वारा तीन जत्थों में शबद कीर्तन किया गया उसके बाद डॉक्टर मनदीप कौर टुटेजा अमनदीप सिंह छाबड़ा प्रितपाल सिंह अरोड़ा जितेंद्र सिंह सोढ़ी साहिब कौर बाबरा नवनीत कौर छाबड़ा एकमजोत सिंह जनप्रीत कौर छाबड़ा हरलीन कौर बाबरा इन सभी ने अपने विचार गुरु इतिहास पर रखे





इस अवसर पर नगर विधायक श्री राजेश अग्रवाल श्री ललन प्रताप सिंह अनिल सिंह मेजर अजय मिश्रा लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज कमलभान सिंह परमवीर सिंह बाबरा स्वामी तन्यानंद ने समस्त नगर वासियों को गुरु पर्व की बधाइयां दी ।श्री अजय मिश्रा ने गुरु इतिहास विस्तृत रूप से सुनाया और गुरु गोविंद सिंह जी को संसार का सबसे अद्भुत अलौकिक व्यक्तित्व बताते हुए कहा कि वह राष्ट्र ही नही बल्कि पूरे विश्व के लिए गुरु गोविंद सिंह जी का जीवन प्रासंगिक और प्रेरणादायक है इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर वरताया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद व लंगर ग्रहण किया रात्रि 8ः00 बजे से विशेष दीवान सजाया गया जिसमें बच्चों ने शब्द कीर्तन कर गुरुजी पर अपने विचार रखें गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार रघुवीर सिंह छाबड़ा ने समस्त नगर वासियों को बधाइयां दी हैं कार्यक्रम का संचालन सचिव नरेंद्र सिंह भामरा किया । ये जानकारी प्रवक्ता श्री जितेंद्र सिंह सोढ़ी और सरदार जगदीप सिंह छाबड़ा रिंकू ने दी है।

## भारत की संत परंपरा है भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण वाहक : डॉ. प्रतिभा सिंह

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 17 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के राजनीति विज्ञान विभाग एवं समाजशास्त्र विभाग ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद के बारे में एक व्याख्यान आयोजित किया। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ पुनीत कुमार राय, प्राध्यापक, शासकीय अरुण सिंह देव महाविद्यालय शंकरगढ़,जिला बलरामपुर ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ प्रतिभा सिंह, विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग ने की। स्वामी विवेकानंद एवं भारत का नवजागरण विषयक इस व्याख्यान में डॉ पुनीत कुमार राय ने भारत की संत परंपरा को भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण वाहक बताया। इस परंपरा में संतो ने अपने तप,त्याग व कर्म से इस संस्कृति को सींचा है। उन्होंने विवेकानंद के वैज्ञानिक विचार,धर्म की समझ, पूर्व-पश्चिम का समावेश करना व अपनी संस्कृति पर गर्व करना । वर्तमान परिवेश में पूरी शक्ति के साथ धर्म को प्रतिस्थापित करने का कार्य किया। 1893 के शिकागो सम्मेलन से उनकी प्रसिद्धि व प्रतिष्ठा विश्वभर में फैल चुकी थी लेकिन उनका हृदय में भारत की पीड़ा के लिए हमेशा चिंतित रहते थे।




पुनीत राय ने इसके साथ-साथ उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस और उनके आपसी संबंधों, विवेकानंद के भारत भ्रमण के माध्यम से भारत के संदर्भ में अपने बोध को बढ़ाना और अमेरिका से लौट के भारत की यात्रा प्रबोध के रूप में करना बहुत महत्वपूर्ण था।

भारत की सामाजिक,आर्थिक,सांस्कृतिक व राजनीतिक क्षेत्रों से जुड़े राष्ट्रीय आंदोलन के नेताओं पर विवेकानंद का स्पष्ट प्रभाव देखने को मिलता है। आज भी युवा संन्यासी उतना ही प्रासंगिक है जितना की एक सदी पहले था।यह उनके विचारों की स्पष्टता, दूरदर्शिता व प्रासंगिकता को स्पष्ट करता है। आज भी युवाओं के प्रेरणास्तोत्र के रूप में एक बड़ा व्यक्तित्व है। कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉक्टर प्रतिभा सिंह ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का छात्र जीवन में महत्व,समाज जीवन में महत्व पर प्रकाश डाला साथ ही उन्होंने मुख्य वक्ता की कही हुई बातों की प्रशंसा की ।कार्यक्रम का संचालन कुलदीप चतुर्वेदी ने किया। इस कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग से डॉ प्रदीप एक्का ,राजनीति विज्ञान विभाग से डॉ पीयूष पांडे, विनीत कुमार गुप्त एवं हिंदी विभाग से डॉ दीपक सिंह एवं डॉ उमेश कुमार पांडे प्राध्यापकगण उपस्थित रहे साथ ही बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हेली-डेसेंटिस को ट्रंप का समर्थन करना चाहिए,राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने के बाद बोले रामास्वामी

**वाशिंगटन, 17 जनवरी 2024।** रिपब्लिकन पार्टी से राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की रेस से खुद को भारतीय मूल के नेता विवेक रामास्वामी ने बाहर कर दिया है। जिसके बाद उन्होंने प्रबल दावेदार डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मैं इस देश और पार्टी की सेवा करना चाहता हूं जिसके लिए मैंने ट्रंप के समर्थन का निर्णय लिया है। सोमवार को आयोवा कॉकस में अपने खराब प्रदर्शन के बाद रामास्वामी ने रेस से बाहर होने का फैसला किया था।

एक ताजा इंटरव्यू में रामास्वामी ने कहा कि मुझे लगता है कि अन्य प्रतिभागी रॉन डेसेंटिस और निक्की हेली को भी ट्रंप के समर्थन में राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने की रेस से बाहर होना चाहिए। हम देश और पार्टी की सेवा करेंगे। हम चाहते हैं कि ट्रंप के जरिए देश में फिर से क्रांतिकारी विचारधारा को जीवित किया जाए। जो इस देश के अच्छा होगा। मेरे निर्णय ने सकारात्मक संदेश भेजा है कि ट्रंप को ही पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति का उम्मीदवार होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि रॉन डेसेंटिस की इस देश के भविष्य और नेतृत्व में अहम भूमिका की जरूरत है।





गौरतलब है कि सोमवार को आयोवा कॉकस में डाले गए 51 प्रतिशत वोट से डोनाल्ड ट्रंप ने वोट जीते। जबकि फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंसिट 21 प्रतिशत वोटों के साथ दूसरे स्थान पर थे। वहीं दक्षिण कैरोलिना के पूर्व गवर्नर निक्की हेली को 19 प्रतिशत वोट मिले।

### चिंता न करें मैं सब ठीक कर दूंगा दुनिया में- ट्रंप

कॉकस में अपनी पहली जीत के बाद इस्राइल-हमास युद्ध पर बोलते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर मैं वर्तमान में अमेरिका का राष्ट्रपति रहता तो इस्राइल पर हमले का सवाल नहीं उठता। उन्होंने कहा कि अगर वह चुनाव जीतकर फिर से आए तो वे बहुत जल्द इस समस्या का ही समाधान कर देंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर मैं राष्ट्रपति रहता तो रूस की यूक्रेन पर हमला करने की हिम्मत ही नहीं होती। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के हालत बहुत बुरे हैं। हम जल्द ही दुनिया में सब ठीक कर देंगे।

### क्या है आयोवा कॉकस

अमेरिका में दो मुख्य पार्टियां डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन हैं। दोनों पार्टियां राष्ट्रपति चुनाव से पहले देश के हर राज्य में पार्टी के उम्मीदवार के चयन के लिए पार्टी के भीतर मतदान कराती हैं, जिसे कॉकस कहा जाता है। सभी राज्यों के मतदान के बाद दोनों पार्टियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में मतदान में विजयी उम्मीदवार को पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया जाता है।

## न्यूज़ीलैंड की पहली शरणार्थी सांसद पर लगे दुकान से चोरी के आरोप,सौंपा इस्तीफा

**ऑकलैंड,17 जनवरी 2024।** न्यूजीलैंड में एक अजीबोगरीब वाकया सामने आया है। यहां एक सांसद पर दुकानों से चोरी करने के आरोप लगे हैं। इस मामले के सामने आने के बाद सांसद गोलरिज घारमन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि गोलरिज न्यूजीलैंड की पहली सांसद हैं, जो कि शरणार्थी रही हैं। उन्हें 2017 में देश की पहली शरणार्थी सांसद के तौर पर शपथ दिलाई गई थी।



रिपोर्ट्स के मुताबिक, गोलरिज पर आरोप हैं कि उन्होंने दो कपड़े के स्टोर्स से चोरी की। इस खुलासे के बाद सांसद ने सफाई दी थी कि उन्होंने इन चोरियों को तनाव और मानसिक स्वास्थ्य में समस्याओं के कारण अंजाम दिया। 43 वर्ष की गोलरिज इससे पहले संयुक्त राष्ट्र में मानवाधिकार मामलों की वकील रही हैं। वे मूलतः ईरान से हैं। मामले पर गोलरिज ने कहा, मैं माफी चाहती हूं। मेरे मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहतर यही होगा कि मैं सांसद पद से इस्तीफा दे दूं। उन्होंने अपने बयान में चोरी से जुड़ी किसी घटना का जिक्र नहीं किया, हालांकि उन्होंने यह कहा कि वे अपने बर्ताव पर कोई सफाई नहीं देना चाहतीं, क्योंकि यह तार्किक नहीं होगा। ग्रीन पार्टी के नेता जेम्श शॉ ने गोलरिज का बचाव करते हुए कहा कि सांसद बनने के बाद से ही उन्हें यौन हिंसा, शारीरिक हिंसा के साथ-साथ मौत की धमकियां भी मिल चुकी हैं और पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है।

# अब चुनाव नहीं लड़ पाएंगे इमरान
## नामांकन पत्र खारिज करने के मामले में अपील कोर्ट का फैसला बरकरार



**लाहौर,17 जनवरी 2024।** इमरान खान को एक और झटका लगा है। पाकिस्तान के लाहौर हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने मंगलवार को इमरान खान के नामांकन पत्रों की अस्वीकृति के संबंध में दो याचिकाओं पर सुनवाई की। इन याचिकाओं पर न्यायमूर्ति अली बकर नजफी की अध्यक्षता वाली लाहौर हाई कोर्ट की एक पीठ ने सुनवाई के बाद खारिज कर दिया।

### अब चुनाव नहीं लड़ पाएंगे इमरान!

सुनवाई के दौरान सभी पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने अपीलीय न्यायाधिकरण के फैसले को बरकरार रखा। इसके साथ ही इमरान खान के नामांकन पत्रों को खारिज कर दिया। लाहौर हाई कोर्ट के इस फैसले के बाद इमरान खान आगामी आम चुनावों से बाहर हो गए हैं।

### भारतीय अदालत का किया जिक्र

सुनवाई के दौरान भंडारी ने तर्क दिया कि नैतिक अंधेपन के आरोप में दोषसिद्धि अयोग्यता की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आती है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता की सजा को भ्रष्टाचार या अवैध संपत्ति जमा करने के लिए दी जाने वाली सजा के बराबर नहीं किया जा सकता है। अपनी दलीलों के क्रम में भंडारी ने भारतीय अदालत का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय अदालत ने वित्तीय भ्रष्टाचार से जुड़े अपराध की तुलना में नैतिक अधमता के अपराध को निचले स्तर पर रखा है। भंडारी ने तर्क दिया कि रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) के पास अनैतिकता की सजा के आधार पर विवादित आदेश पारित करने का कोई अधिकार नहीं था। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद उच्च न्यायालय पहले ही याचिकाकर्ता की सजा निलंबित कर चुका है। हालांकि पीठ ने कहा कि पाकिस्तान में नैतिकता के मानक अन्य देशों से अलग हैं। बताया गया है कि हाईकोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

### इसलिए खारिज किया गया था इमरान का नामांकन

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री को बड़ा झटका देते हुए पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने 30 दिसंबर को पंजाब प्रांत के लाहौर (एनए-122) और मियांवाली (एनए-89) निर्वाचन क्षेत्रों से खान के नामांकन पत्रों को खारिज कर दिया था। बाद में, अब इमरान खान का नामांकन खारिज करने वाले रिटर्निंग अधिकारी ने बताया है कि नैतिकता के आधार पर इमरान खान का नामांकन खारिज किया गया। रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि इमरान खान भ्रष्टाचार समेत कई मामलों में दोषी हैं। ऐसे में नैतिक अधमता के चलते उनका नामांकन खारिज किया गया है। आठ पेज के विस्तृत फैसले में लाहौर की नेशनल असेंबली सीट 122 के रिटर्निंग अफसर ने बताया था कि इस्लामाबाद के एडिश्नल सेशन जज ने भी इमरान खान को नैतिक अधमता का दोषी माना था।

# नशीले पदार्थों और कलाश्निकोव ने पाकिस्तान को बर्बाद किया,प्रधान न्यायाधीश ने हालात पर जताया अफसोस

**इस्लामाबाद,17 जनवरी 2024 ।** मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने बुधवार को पाकिस्तान की मौजूदा हालात को देखते हुए चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स और क्लाशनिकोव ने पाकिस्तान को बर्बाद कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने क्लाशनिकोव संस्कृति को खत्म करने पर भी जोर दिया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने कई अधिकारियों को नोटिस भी जारी कर उनसे प्रतिबंधित हथियारों का लाइसेंस जारी करने को लेकर जानकारी मांगी है। मुख्य न्यायाधीश ईसा ने कहा,ड्रग्स और क्लाशनिकोव ने पाकिस्तान को बर्बाद कर दिया। दुनियाभर में कहीं भी काले शीशे वाली बड़ी गाड़ियों में क्लाशनिकोव लेकर कोई नहीं जाता है। उन्होंने बताया कि उन्हें भी क्लाशनिकोव लाइसेंस हासिल करने की पेशकश की गई थी।



मुख्य न्यायाधीश चोरी के एक आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। याचिकाकर्ता काशिफ पर चोरी के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। मुख्य न्यायाधीश ने अधिकारियों से पूछा, देश भर में अबतक प्रतिबंधित हथियारों के कितने लाइसेंस जारी किए गए हैं? सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में केंद्रीय और राज्यों के गृह सचिव,इंस्पेक्टर जनरल. अटर्नी जनरल को भी नोटिज जारी किया है।

### मुख्य न्यायाधीश ने जताया अफसोस

पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर अफसोस जताया कि पुलिस उस व्यक्ति से लाइसेंस की मांग नहीं कर रही है जिसका हथियार चोरी हो चुका है। उन्होंने कहा, मालिक खुद बता रहा है कि उसके घर से दो क्लाशनिकोव, एक पिस्तौल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की चोरी हुई थी।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, हम क्लाशनिकोव और उसकी लाइसेंस वापस करने के लिए गृह मंत्रालय को चिठ्ठी लिखेंगे। उन्होंने बताया कि इस्लामाबाद के घरों के बाहर खड़े गार्ड भी अपने पास क्लाशनिकोव रखते हैं। स्कूलों और बाजारों में भी व्यक्ति क्लाशनिकोव लेकर खड़े रहते हैं और पुलिस के पास उनसे पूछताछ करने की हिम्मत नहीं होती है। मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने कहा, अगर आप डरते हैं तो अपने घर में बैठो। वे लोगों को डराने धमकाने और अपना प्रभाव दिखाने के लिए बाहर निकलते हैं। उन्होंने पूछा कि आपको कैसे पता चलेगा कि क्लाशनिकोव रखने वाला व्यक्ति आतंकवादी है या नहीं?

# एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा होते-होते टला, दो विमान टकराए, 289 यात्री थे सवार

**टोक्यो,17 जनवरी 2023।** जापान के उत्तरी द्वीप होक्काइडो स्थित न्यू चिटोज हवाई अड्डे पर लैंड करते समय दो विमान एक दूसरे से टकरा गए। यहां एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। हादसे के वक्त कैथे पैसिफिक एयरवेज का विमान एयरपोर्ट पर खड़ा था। इसी दौरान वहां पर उतर रहा कोरियाई एयरलाइंस का विमान इससे टकरा गया। कोरियाई एयरलाइंस के विमान में 289 यात्री सवार थे। हालांकि हादसे में किसी के हताहत या घायल होने की बात सामने नहीं आई है। गौरतलब है दो हफ्ते के अंदर जापान में दूसरा विमान हादसा हुआ है।



कैथे पैसिफिक ने हादसे की पुष्टि की है। बयान में कहा गया है कि इसका एक विमान कोरियाई एयरलाइंस के विमान से टकरा गया। इसके मुताबिक कैथे पैसिफिक के विमान में न तो कोई यात्री सवार था और न ही क्रू मेंबर था। इसी दौरान वहां पर उतर रहा कोरियन एयर ए330 इससे टकरा गया। जापानी मीडिया के मुताबिक जब कोरिया एयरलाइंस का विमान कैथे पैसिफिक के विमान से टकराया तो उसमें 289 यात्री सवार थे। कोरियन एयरलाइंस ने भी इस बात की पुष्टि की है कि हादसे के दौरान कोई घायल नहीं हुआ है। घटना की वजह थर्ड पार्टी ग्राउंड हैंडलर के बर्फ के चलते फिसलना बताया गया है।

# श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति को झटका,मौत की सजा माफ करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने पलटा

**कोलंबो,17 जनवरी 2024।** हत्या के दोषी को माफी देने का पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के फैसले को श्रीलंका के सुप्रीम कोर्ट ने पलट दिया है। 1978 में राष्ट्रपति शासन व्यवस्था लागू होने के बाद शीर्ष अदालत का फैसला इस तरह का पहला मामला था। गौरतलब है कि वर्ष 2021 के दौरान गोटबाया राजपक्षे ने हत्या मामले अपने करीबी राजनीतिक सहयोगी डुमिंडा सिल्वा की सजा माफ कर दी थी। 2011 में दोषी डुमिंडा सिल्वा को राजनीतिक प्रतिद्वंदी प्रेचंद्र की हत्या मामले में मौत की सजा सुनाई थी।



### सिल्वा ने अपने प्रतिद्वंदी की गोली मारकर की थी हत्या

महिंदा राजपक्षे के राष्ट्रपति रहने के दौरान दोषी डुमिंडा सिल्वा और प्रेमचंद्र कोलंबो के उपनगर कोलोनावा में चुनावी जंग लड़ रहे थे। इस दौरान सिल्वा ने प्रेमचंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिन्हें कोर्ट ने दोषी पाया था। 2019 के बाद महिंदा राजपक्षे के इस्तीफे के बाद गोयबाया श्रीलंका के राष्ट्रपति बने थे। अपने कार्यकाल के दौरान गोटबाया ने दोषी की मौत की सजा को माफ कर दिया था।

### गोटबाया सजा माफी के कारणों को नहीं बता सकें:कोर्ट

सजा माफी के खिलाफ मृतक प्रेमचंद्र के परिवार ने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया। बुधवार को तीन सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि गोटबाया राजपक्षे ने सजा माफ करने के पीछे के कारणों को नहीं बताया। वे प्रक्रिया के तहत कार्य करने में विफल रहे। गौरतलब है कि श्रीलंका के संविधान के मुताबिक,अनुच्छेद 34 के तहत श्रीलंका के राष्ट्रपति को एक निर्धारित प्रक्रिया के तहत सजा माफ करने का अधिकार है।

बता दें दोषी डुमिंडा सिल्वा को हाईकोर्ट ने मामले का दोषी पाया था, बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इसे सही ठहराया था। गौतलब है कि सिल्वा की सजा माफी के बाद गोटबाया राजपक्षे ने राज्य आवास प्राधिकरण का उसे प्रमुख नियुक्त किया था। हालांकि आर्थिक अस्थिरता के बीच जुलाई 2022 में गोटबाया राजपक्षे को अपनी सत्ता गंवानी पड़ी थी।

# अपनी ही नीति में फंसा चीन, जनसंख्या में फिर आई गिरावट, बच्चे पैदा करने से बच रहे लोग

**बीजिंग, 17 जनवरी 2024।** चीन में जनसांख्यिकी में आ रही गिरावट को लेकर लगातार चिंता बढ़ रही है। बुधवार को चीन की सरकार ने वार्षिक आंकड़े जारी किए। जिनके अनुसार, चीन में साल 2023 में आबादी में 20 लाख की गिरावट आई। बीते छह दशकों में पहली बार साल 2022 में चीन की आबादी में गिरावट दर्ज की गई थी। इसकी वजह चीन में जन्म दर में आई तेज गिरावट को बताया जा रहा है। दरअसल चीन ने कई साल पहले अपनी बढ़ती जनसंख्या को कम करने के लिए वन चाइल्ड पॉलिसी लागू की हुई थी।



**चीन में जन्म दर में आई गिरावट-** वन चाइल्ड नीति की वजह से चीन की जन्म दर में तेज गिरावट आई है और अब दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था आबादी में गिरावट की समस्या से जूझ रही है। विशेषज्ञ मानते हैं कि आने वाले सालों में चीन में यह समस्या और भी विकराल हो सकती है। संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या फंड डाटा के अनुसार, भारत अब चीन को पछाड़कर दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है। भारत की जनसंख्या पिछले साल 142.86 करोड़ दर्ज की गई। चीन की आबादी 140 करोड़ है। चीन के नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिक्स ने बताया है कि चीन में बीते साल 90 लाख बच्चे पैदा हुए, जो कि साल 2022 में पैदा हुए 95.6 लाख बच्चों से 5 प्रतिशत कम हैं।



# रिश्तेदारी में आए ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर,17 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरढोढ़ी में बुधवार की सुबह एक ग्रामीण ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह दो दिन पूर्व पत्नी के साथ अपनी भांजी के घर ग्राम बरढोढ़ी आया था। वह सुबह शौच के लिए निकला था।

जानकारी के अनुसार भोजराम अगरिया पिता उम्र 50 वर्ष लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोसंगा का रहने वाला था। वह 15 जनवारी को पत्नी के साथ अपनी भांजी के घर मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बरढोढ़ी आया था। वह बुधवार की सुबह शौच के लिए गांव में ही गया था। काफी देर बाद भी जब वह वापस घर नहीं लौटा तो परिजन उसे खोजने निकले तो उसकी लाश पेड़ पर फांसी पर लटकी हुई मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। फिलहाल पुलिस शव को पीएम कराकर परिजन को सौंप दिया है। आगे की कार्रवाई के लिए पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव

# राम वनगमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत चिन्हित रामगढ़ में होगा भव्य कार्यक्रम

» **जिला और विकासखण्ड स्तर पर भी गरिमामय आयोजन की तैयारियां शुरू...**

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर,17 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

22 जनवरी 2024 को अयोध्या में आयोजित श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा-समारोह के मद्देनजर राज्य शासन द्वारा राज्य भर में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में कलेक्टर विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजन किए जाने तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। अयोध्या में आयोजित श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा-रामोत्सव के अवसर पर राज्य भर में राम वनगमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत चिन्हित स्थल रामगढ़, उदयपुर जिला सरगुजा में 22 जनवरी को लाईटनिंग,दीप प्रज्जवलन, दीपदान, मानस मंडलियों का मानस गायन एवं अन्य भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन एवं आवश्यक तैयारियों के संबंध श्री तेजस शेखर वनमण्डलाधिकारी जिला सरगुजा को नोडल अधिकारी एवं श्री बी आर खाण्डे, अनुविभागिय अधिकारी (रा.) उदयपुर, वेद प्रकाश गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत उदयपुर तथा मोहन साहू, पर्यटन अधिकारी (प्रभारी राम वनगमन) को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है । साथ ही जिला अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभिन्न दायित्व सौंपे गये हैं।



उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के आयोजन में नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों,निजी संस्थानों, ट्रस्ट, मंदिर समितियों की भागीदारी भी रहेगी। आयोजन में प्रत्येक जिला, विकासखण्ड स्तरीय संस्थानों, धार्मिक ट्रस्टों, मंदिर समितियों के साथ समन्वय करके उनके सहयोग के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया जाना है। नगरीय निकायों ग्राम पंचायतों को इस आयोजन में भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उक्त दिवस में भवनों मे प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। कार्यक्रम की रूप रेखा अनुसार प्रत्येक विकासखण्ड स्तर से एक मंदिर में 22 जनवरी 2024 को दीप प्रज्जवलन,दीपदान एवं लाइटिंग व्यवस्था किया जानी है। उक्त मंदिर प्रांगण में प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर क्षेत्र के 5 मानस मंडलियों के मानस गायन का आयोजन किया जायेगा। उसी तरह प्रत्येक जिला मुख्यालयों में भी एक मंदिर में भव्य आयोजन किया जायेगा।

# पति को छोड़ प्रेमी के साथ रह रही नव विवाहिता ने कीटनाशक सेवन कर दी जान

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,17 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**

कीटनाशक सेवन करने से महिला की मौत हो गई। वह पिछले तीन महीने से पति को छोडक़र किसी दूसरे के साथ रह रही थी। वह दो माह की गर्भवती भी थी। मृतका ने सुसाइड नोट भी आत्महत्या करने का मुख्य वजह अपने प्रेमी को बताई है।

जानकारी के अनुसार राखी तिर्की पति अविनाश एक्का उम्र 20 वर्ष ग्राम राधापुर थाना सीतापुर की रहने वाली थी। इसका विवाह मई 2023 में हुआ था। 9 अक्टूबर 2023 को राखी अचानक अपने ससुराल छोडक़र कहीं चली गई थी। इसके पति व मायके वाले तलाश कर रहे थे। तभी 12 जनवारी को ग्राम घंघरी निवासी संजय टॉप ने मोबाइल से अविनाश को जानकारी दी की तुम्हारी पत्नी मेरे यहां है और बीमार है। जानकारी मिलने पर वह जाकर देखा तो उसकी बितयत खराब थी। पूछने पर पता चला की वह 7 जनवारी को कीटनाशक सेवन कर ली थी। उसका प्रेमी संजय शंकरगढ़ इलाज कराने के बाद घर में रखा था। अविनाश ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका ने सुसाइड नोट में अपने प्रेमी संजय पर कई गंभीर आरोप लगाई है।

# भाजयुमो के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आलोक डंगस आज अंबिकापुर में

- संवाददाता -

**अम्बिकापुर,17 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।**



भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश के प्रभारी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य आलोक डंगस 18 जनवरी को अंबिकापुर पहुंचेंगे। ये सरगुजा संभाग के सभी प्रदेश, जिला, मंडल पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। उस दिन शिक्षा संस्थानों व नव युवाओं से संपर्क कर पंजीयन करवाएंगे। उक्त जानकारी भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिले के महामंत्री संजीव वर्मा ने दी है।

# स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने मरीजों से की बात,गंभीर मरीजों को तत्काल मेडिकल कॉलेज ले जाने को दिया निर्देश

## मंत्री ने एक-एक कक्ष का किया निरीक्षण...शीघ्र होगी सर्जन सहित अन्य डॉक्टरों की पदस्थापनाःस्वास्थ्य मंत्री

## जिला अस्पताल में शीघ्र बॉयोमैट्रिक लगाएंःविधायक भईयालाल

### स्वास्थ्य मंत्री ने निर्माणाधीन नए जिला अस्पताल का किया निरीक्षण कर कहा गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं





-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,17 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बनने के बाद पहली बार बैकुण्ठपुर जिला अस्पताल पहुंच श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर निरीक्षण किया तथा मरीजों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज सुबह करीब 11 बजे बैकुण्ठपुर स्थित जिला अस्पताल में जाकर वार्डों में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कई मरीजों से बातचीत भी किए, उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बैकुण्ठपुर विधायक श्री भइया लाल राजवाड़े, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि प्रदेश में सभी तरह के स्वास्थ्य सुविधाओं,अधोसंरचना को और मजबूत करना तथा मरीजों को ज्यादा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही उनका बैकुण्ठपुर जिला अस्पताल का दौरा कार्यक्रम था। मंत्री बनने के बाद पहली बार जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर पहुंचते ही जिला अस्पताल के डॉक्टरों तथा वहां कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों द्वार गजमाला पहनाकर मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का जोरदार स्वागत किया गया।

### बायोमीट्रिक हाजिरी

विधायक श्री राजवाड़े ने जिला अस्पताल में बॉयोमीट्रिक नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए तत्काल बॉयोमीट्रिक मशीन लगाने के निर्देश दिए ताकि सभी डॉक्टर व स्टाफ समय पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल कार्य को बेहद संवेदनशील बताते हुए कहा कि इसमें न-नुकर वाली कोई गुंजाइश नहीं होती। मरीजों को तत्काल जांच, उपचार और राहत ही अस्पताल की पहचान होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल कर्मियों से कहा कि मरीजों से अच्छे बर्ताव और सहयोगी भावना से कार्य करने के भी निर्देश दिए।

### क्वालिटी में कोई समझौता नहीं

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने ठेकेदार को दो टूक कहा कि किसी भी हालत में अस्पतलाल के निर्माण कार्य में क्वालिटी में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मटेरियल उच्च गुणवत्ता का ही उपयोग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री लंगेह को उपयोग में लाए जा रहे, मटेरियल, क्वालिटी आदि को लोक निर्माण विभाग व हाऊसिंग बोर्ड से जांच कराने के निर्देश दिए। मंत्री श्री जायसवाल ने अस्पताल परिसर जाकर निरीक्षण किया तथा संबंधित ठेकेदार व इंजीनियर को दीवारों व छत में भरपूर पानी तराई करने के निर्देश दिए।



### 50 बिस्तर वाले मातृ-शिशु अस्पताल को एक माह में पूर्ण करें

छत्तीसगढ़ के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज नए निर्माणाधीन जिला अस्पताल एवं मातृ-शिशु अस्पताल का निरीक्षण किया। श्री लंगेह ने ठेकेदार से जानकारी प्राप्त की कितने दिनों में अस्पताल तैयार हो जाएगा? ठेकेदार ने बताया कि एक माह में 50 बिस्तर वाले मातृ-शिशु अस्पताल (एमसीएच) तैयार हो जाएगा, वहीं 200 बिस्तर वाले जिला अस्पतलाल एक साल में तैयार करने की जानकारी दी।

### जिला अस्पताल समय-सीमा में नहीं बनने पर ठेकेदार को फटकार

मंत्री श्री जायसवाल ने समय-सीमा में जिला अस्पताल तैयार नहीं करने पर ठेकेदार को फटकार लगाया। मंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी तरह की बहानेबाजी नहीं चलेगी। मंत्री श्री जायसवाल ने ठेकेदार को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि खानापूर्ति वाले काम बिल्कुल न करें, ऐसे करते या जांच में शिकायत मिलने पर कार्यवाही करने की बात भी कही। बता कोरिया जिले के कंचनपुर में यह नया जिला अस्पताल करीब 35 करोड़ रूपए की लागत से डीएमएफ से बनाया जा रहा है, वहीं एनएचएम के सहयोग से 9 करोड़ रूपए की लागत से एमसीएच निर्माण हो रहा है। यह तीन मंजिला अस्पताल बनने से जिले के मरीजों को काफी मदद मिलेगी। निरीक्षण के दौरान बैकुण्ठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह,पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सेंगर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### विशेषज्ञ डॉक्टरों की होगी पदस्थापना

मंत्री श्री जायसवाल ने जिला अस्पताल के आपातकालीन चिकित्सा कक्ष, माइनर ऑपरेशन कक्ष,कीमोथेरेपी वार्ड, ब्लड बैंक,शिशु वार्ड, सीटी स्कैन कक्ष, डायलिसिस कक्ष, रसोई गृह आदि वार्डों का निरीक्षण किया साथ ही मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिला अस्पताल में जनरल सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु विशेषज्ञ व एनेस्थेसिया डॉक्टरों की कमी पर तत्काल मंत्री श्री जायसवाल ने आश्वस्त करते हुए कहा कि शीघ्र ही जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर में इन डॉक्टरों की पदस्थापना की जाएगी।

### मरीजों से जाना हाल-चाल

केबिनेट मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने वार्ड में भर्ती अजय कोड़मेहरा से स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। मरीज अजय ने बताया कि उन्हें दो-तीन दिन से उल्टी होने के कारण यहां भर्ती हुए हैं। इसी तरह किडनी रोग से पीड़ित डायलिसिस के लिए भर्ती हुए ओमप्रकाश दत्ता तथा श्रीमती महिमा बुनकर ने मंत्री से अपनी समस्याओं को साझा की। मंत्री श्री जायसवाल ने डायलिसिस पीड़ित बुजुर्गों को मुफ्त में दवाई देने तथा किसी भी प्रकार की अन्य शुल्क नहीं लेने की हिदायत भी दिए।

### गंभीर मरीजों को तत्काल मेडिकल कॉलेज ले जाने के निर्देश

जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान गंभीर रूप से मरीजों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि ऐसे गंभीर मरीजों को पर्याप्त सुविधा तथा सही उपचार के लिए एम्बुलेंस के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, अम्बिकापुर या रायपुर ले जाएं।

### अस्पताल में तैयार भोजन का लिया स्वाद

मंत्री श्री जायसवाल ने रसोई गृह में जाकर मरीजों को दिए जाने वाले भोजन का स्वाद लेते हुए मुख्य जिला स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि आज जिस तरह से भोजन की गुणवत्ता बेहतर पाई गई है, उसी तरह नियमित रूप से पौष्टिक, साफ-सुथरा तथा गरम भोजन मरीजों को उपलब्ध कराई जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाए। मरीजों तथा उनके परिजनों के लिए पर्याप्त पीने के पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी के पहले वाटर कूलर व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

### एम्बुलेंस एवं शव वाहन की होगी व्यवस्था

मंत्री श्री जायसवाल ने एम्बुलेंस के संबंध में जानकारी लेने पर अधिकारियों ने बताया कि पुराने एम्बुलेंस खराब हो गया है। तत्काल मंत्री ने नए एम्बुलेंस तथा शव वाहन के लिए कलेक्टर के माध्यम से कार्य योजना बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा पांच एम्बुलेंस एवं दो शव वाहन की व्यवस्था शासन स्तर पर करने का आश्वासन भी दिया।

### डॉक्टर व स्टॉफ नियमित रूप से अस्पताल में रहे

निरीक्षण के दौरान बैकुण्ठपुर के विधायक भईया लाल राजवाड़े ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल में डॉक्टर, स्टाफ नर्स,वार्डबॉय आदि नियमित रूप से कार्य करें। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि संबंधित डॉक्टरों द्वारा वार्ड के राउण्ड के समय सभी डॉक्टर उपस्थित रहें। ओपीडी के समय डॉक्टर की उपस्थिति नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए कि मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानियों का सामना करना न पड़े। उन्होंने भविष्य में अस्पताल में डॉक्टर नहीं मिलने की शिकायत पर कड़ी कार्यवाही करने की बात भी कही।




## बैकुण्ठपुर के युवा गायक आयुष का चंद्रमुखी चांदनी गीत का हुआ पोस्टर विमोचन

### भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रबल प्रताप जूदेव ने किया आयुष नामदेव के छत्तीसगढी गीत का पोस्टर विमोचन

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,17 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रबल प्रताप जूदेव के हाथों हुआ बैकुण्ठपुर निवासी आयुष नामदेव के छत्तीसगढी गीत का पोस्टर विमोचन। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में छत्तीसगढी गीत का पोस्टर विमोचन किया गया सुंदरानी प्रोडक्शन हाउस के यूट्यूब चैनल पर जल्द आएगा छत्तीसगढ़ी यह गीत प्रबल प्रताप जूदेव ने की आयुष के गीत की सराहना की।

चंद्रमुखी चांदनी छत्तीसगढ़ी गीत का आज पोस्टर लांच हुआ आपको बता दें कि इस गीत को आयुष नामदेव ने अपनी आवाज दी है आयुष नामदेव पूर्व में भी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं और लगतार छत्तीसगढ़ का नाम पूरे देश मे कला के क्षेत्र में बढ़ा रहे हैं चंद्रमुखी चांदनी गीत को आयुष नामदेव ने गाया है इसके निर्माता है लकी सुंदरानी इसकी लेखिका ट्विंकल सिन्हा है इस गीत में संगीत पुष्पेंद्र साहू ने दिया है इसमें विशेष सहयोग मनराज मोहंती का हैं साथ इस गाने की रिकॉर्डिंग और शूटिंग रायपुर के सुप्रसिद्ध प्रोडक्शन हाउस सुंदरानी म्यूजिक वर्ल्ड में संपन्न हुई है कुछ दिनों बाद यह गीत सुंदरानी म्यूजिक वर्ल्ड के यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा, जिसका पोस्ट का विमोचन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री प्रबल प्रताप जुदेव ने किया उन्होंने आयुष नामदेव की सराहना की और अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि सदैव वे कला और लोक कला के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाये और पूरे देश में अपना एक नाम स्थापित करें साथ ही मैं आयुष के उज्जवल भविष्य की मैं कामना करता हूं।




## फर्जी मृत्यु प्रमाण-पत्र व वसीयतनामा बनवाकर भूमि बिक्री करने के आरोपी पंचायत सचिव को जेल उपरांत किया गया निलंबित

-संवाददाता-
सूरजपुर,17 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

जनपद पंचायत सूरजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत डुमरिया में पदस्थ पंचायत सचिव द्वारा करीब दो दशक पूर्व मृत हुए व्यक्ति के नाम का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र व वसियतनामा बनवाकर भू-माफियाओं द्वारा करोड़ों रूपये के भूमि को बिक्री करने जमीन फर्जीवाड़ा के मामले में में कोतवाली पुलिस द्वारा धारा 420, 467, 471, 120 (बी) 34 के तहत् मामला पंजीबद्ध करते हुए पंचायत सचिव श्री पारस राजवाड़े, ग्राम पंचायत डुमरिया, जनपद पंचायत सूरजपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पंचायत सचिव का उपरोक्त कृत्य छ0ग0 पंचायत सेवा (आचरण) नियम, 1998 के नियम-03 तथा छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत (सचिव की शक्तियां तथा कृत्य) नियम, 1999 के नियम 3, 4 एवं 6 के विपरीत पाये जाने के फलस्वरूप कार्यालयीन आदेश क्रमांक 56 दिनांक 16 जनवरी के द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर पदस्थापना कार्यालय जनपद पंचायत सूरजपुर नियत किया गया है।

# घटती-घटना के खबर के बाद हटाये गये गौरवदीप

## अब छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक पटना शाखा प्रबंधक होगे विवेक रंजन

### जनपद सदस्य चांदनी सोनी ने विवेक रंजन को पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत

### पूर्व बैंक मैनेजर तथा लोन अधिकारी अदिति रावत पर पीएमईजीपी योजना में अनियमितता का लगा था आरोप






-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर/ पटना,17 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक पटना शाखा के पूर्व मे पदस्थ प्रबंधक गौरवदीप की मनमानी इस कदर बढ़ी हुयी थी कि इनके खिलाफ कई शिकायतें आ रही थीं जिस खबर को घटती-घटना ने बड़ी प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद गौरवदीप हटा कर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक पटना का शाखा प्रबंधक विवेक रंजन को बनाया गया है। ज्ञात होकी इनके रहते ग्राहकों के साथ दुर्व्यवहार, पीएमईजीपी योजना में एक परिवार के कई सदस्यों को लाभ दिलाने से लेकर ग्राहक के साथ जमीन सौदेबाजी में पार्टनर, साहूकारी एवं ब्याज के धंधे में सहयोग करने जैसे मामले आते रहते थे वहीं शिकायत का दंश इन्हे झेलना पड़ा और इनको शाखा से हटा दिया गया वहीं इनके जाने से लोगों ने राहत की सांस ली साथ ही नये शाखा प्रबंधक के रूप में पदभार ग्रहण करने वाले प्रबंधक विवेक रंजन जो सूरजपुर बैंक मे पदस्थ रह चुके हैं जिनके स्वागत के लिये बैंक के ग्राहको के साथ जनपद सदस्य चांदनी सोनी ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। बैंक प्रबंधक के स्वागत में शामिल भाजपा नेता श्रीराम राजवाड़े, राजेश गुप्ता व्यवसायी सागर शर्मा, अमित पाण्डेय (विक्कू), विशाल सोनी पत्रकार कयूम खान के साथ उपस्थित रहे। जनपद सदस्य व जागृति महिला मंडल की सदस्य चांदनी सोनी ने बैंक प्रबंधक से बातचीत करते हुये बताया कि आपसे पहले रहे शाखा प्रबंधक की मनमानी खूब रही, यहां पर आने वाले ग्राहकों की संख्या में ग्रामीण ज्यादा हैं और उन्हें कई बैंकिग चीजों की जानकारी नहीं रहती जिसके लिये आप अपने कर्मचारीयों को सख्त हिदायत देवें की वह उनके साथ दुर्व्यव्हार कभी न करें, उनका सहयोग करें और बैंकिग कार्य को आम लोगों के लिये सुगमता के साथ सरल करने में सहयोग करें। स्वागत में आये सभी लोगों ने नये पदस्थ बैंक प्रबंधक का स्वागत किया और कहा कि आप सारे लोगों के साथ समान व्यवहार स्थापित करें जिससे आम लोगों का सहयोग आपको सदैव मिलता रहेगा।

### शिकायत में एक नाम था लोन अधिकारी श्रीमती अदिति रावत का...

पटना शाखा में पदस्थ लोन अधिकारी जो के पद पर आसीन है इनका नाम भी बैंक प्रबंधक गौरवदीप के साथ जुड़ा था जिन पर जांच करने की मांग ग्रामीणों ने की थी। शिकायत के बावजुद यह अब तक ब्रांच में पदस्थ है इनके रहने से यह संभव हो सकता है कि यदि इनके द्वारा पीएमईजीपी सब्सिडी योजना का लाभ एक ही परिवार के कई सदस्यों को पहुंचाने में बैंक प्रबंधक का सहयोग किया गया है तो इनके रहते दस्तावेजों में छेड़छाड़ न हो। यह बात इसलिए भी कही जाती है कि यह पूर्व बैंक प्रबंधक की विश्वासी कर्मचारी है। अदिति रावत का व्यवहार भी ग्राहकों से अच्छा नहीं रहा है वहीं वह केवल शाखा प्रबंधक के निर्देश पर ही चलते आ रही थीं और जिसके चलते ही मनमानी जारी थी इसलिए उन्हे भी हटाया जाए यह मांग अभी भी जीवित है।

### स्थानीय अनियमित कर्मचारी भी है पटना शाखा में अनियमितता का दोषी, हुई है शिकायत

पटना ग्रामीण बैंक शाखा का अनियमित कर्मचारी भी बैंक की अनियमितता में दोषी है ऐसा आरोप है,वह खुद अनियमितता में शामिल रहता है और ग्राहकों के खाते की गोपनीयता भंग करता है जिसको नहीं हटाया गया है। बताया जाता है की पटना शाखा का अनियमित कर्मचारी जब तक शाखा में है तब तक शाखा ही गोपनीयता भंग होती रहेगी चाहे कोई भी नया प्रबंधक आ जाए। पुराने शाखा प्रबंधक के साथ रह चुके साथ ही कई शाखा प्रबंधक के साथ रह चुके उक्त अनियमित कर्मचारी की ही सबसे ज्यादा शिकायत आती रही है।

### गौरवदीप का जाना लोगों के लिए उत्साह का विषय

शाखा प्रबंधक गौरवदीप का पटना ग्रामीण बैंक से जाना लोगों के लिए उत्साह का विषय बन गया है। किसी बैंक के किसी कर्मचारी को लेकर यह सबसे नया विरोध मामला है। गैरवदीप के किस कदर अनियमित कर्मचारी के साथ मिलकर ग्राहकों को परेशान कर रखा था यह उनके जाने के बाद के लोगों के उत्साह के बाद समझ में आ रहा है वहीं अब अनियमित कर्मचारी को नए प्रबंधक आते ही कार्यमुक्त करें लोगों की अपेक्षा है जिससे बैंक की गोपनीयता बनी रहे।

# अपने अस्तित्व को तरस रहा बस स्टैण्ड में स्थित मिनी स्टेडियम ग्राउंड

## चारों ओर से हो रहा कब्जा,साफ-सफाई भी नही होती,शिकायत पर नहीं होती जांच





-सोनू कश्यप-
प्रतापपुर,17 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

प्रतापपुर मिनी स्टेडियम अपनी अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। जिसमें बड़े-बड़े राजनेताओं सहित राष्ट्रीय लेवल के नेताओं सहित छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के साथ विभिन्न प्रकार के फुटबॉल क्रिकेट दशहरा रावण दहन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम खेलकूद सहित कई प्रतियोगिताएं इस खेल के पुराने ग्राउंड में उपयोग होते रहे हैं जो नगर के हृदय स्थल में बना यह ग्राउंड अत्यंत महत्वपूर्ण है। कई बार नेताओं से गुहार लगाने के बाद में भी यह ग्राउंड अपने अस्तित्व के लिए तरसता रहा जिसमें धीरे-धीरे आक्रमणकारी चारों ओर से इस ग्राउंड को भी कब्जा करने में नहीं चुके रहे हैं जिसका नवयुवक मंडल बस स्टैंड खेल समिति के अध्यक्ष दीनानाथ गुप्ता मोहन पांडे सहित खेल प्रेमियों ने इस ओर से लगातार इस ग्राउंड के लिए समतलीकरण सहित साफ सफाई व्यवस्था बाउंड्री वॉल की मांग किए जो अब तक पूरा नहीं हुआ।

### समतलीकरण का पैसा हुआ गायब

पूर्व कांग्रेस सरकार में शिक्षामंत्री रहे डॉक्टर प्रेमसाय सिंह से नवयुवक मंडल बस स्टैंड के द्वारा समतलीकरण के लिए करीब 5 लाख रुपए का राशि ग्राम पंचायत एजेंसी के माध्यम से देने की बात भी कही गई और सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पैसा आया भी मगर पंचायत के द्वारा ही कुछ बड़े नेताओं की मिली भगत से पैसा आहरण कर लिया गया की शिकायत भी पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह के समक्ष में गणमान्य नागरिक एवं खेल प्रेमियों ने किया था पर आज तक कोई पहल नहीं की जा सकी नहीं इस हुए भ्रष्टाचार पर किसी प्रकार का जांच हुआ फुटबॉल प्रतियोगिता हो सके इसके लिए स्वयं के पैसे से नवयुवक मंडल के पदाधिकारी दीनानाथ गुप्ता, मोहन पांडे, कंचन सोनी,ने स्वयं के पैसे से समतली करण के लिए मिट्टी डलवाया,जेसीबी मशीन सहित,पानी पटाया,गिट्टी पत्थर कई ट्रैक्टर बीने लाखो खर्च हुआ जो ग्राउंड आधा अधूरा रहा। अब उस ग्राउंड का नगर पंचायत उपाध्यक्ष रजनी मुकेश अग्रवाल के विशेष आग्रह पर नवनियुक्त स्थानीय विधायक शकुंतला पोर्ते ने ग्राउंड की उपयोगिता को गंभीरता से लेते हुए समतली करण आज फिर से पूरा दिन समतलीकरण किया गया से खेल प्रेमियों में उत्साह देखा गया इस दौरान मुकेश अग्रवाल,मोहन पांडे दीनानाथ गुप्ता,पार्षद योगेंद्र सिंह ,डबल जायसवाल, आकाश मित्तल दिनेश यादव ,सेरु सिंह, निकेश यादव ,मौजूद रहे।

### सरकार से इस ओर ध्यान देने की मांग

नगर का एकमात्र बस स्टैंड स्थित स्टेडियम ग्राउंड का देखरेख नवयुवक मंडल फुटबॉल समिति के वरिष्ठ अध्यक्ष एवं अपने समय के जांबाज खिलाड़ी दीनानाथ गुप्ता एवं मोहन पांडे मैं दिन-रात के कड़ी सेवा और मेहनत से इस ग्राउंड की देखरेख सहित इस ग्राउंड को संवारने वा बचाने में एवं साफ सफाई रखने में रोजाना अपना साथियों के साथ समय दिए हैं। जो सराहनीय है। शासन से यही मांग है कि इसे निखारने के लिए एवं सजाने के लिए सरकार इस पर ध्यान दें।

# निरहुआ के रंगारंग कार्यक्रमों से हुआ तातापानी महोत्सव का समापन





-संवाददाता-
बलरामपुर,17 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

बलरामपुर-रामनुजगंज जिले में मनाये जाने वाले ऐतिहासिक तातापानी महोत्सव में पड़ोसी राज्यो से भारी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक आते है स्थानीय मांग के अनुसार तातापानी समापन समारोह की सांस्कृतिक संध्या में आमंत्रित भोजपुरी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के अंतिम दिवस भोजपुरी गायक दिनेश लाल यादव ने भोजपुरी गीतों से संस्कृतिक संध्या की शमां बांधी। उन्होंने भोजपुरी अभिनेत्री आम्रपाली दुबे के साथ भोजपुरी गीतों को गाया। कार्यक्रम में लगातार एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं गीतों का सिलसिला चला इस दौरान उपस्थित दर्शको ने बड़े उत्साह पूर्वक तालियों की गड़गड़ाहट से इन कलाकारों का सम्मान किया। कार्यक्रम में पड़ोसी राज्यो से काफी संख्या दर्शक जुटे। इस दौरान सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा,पूर्व सरगुजा सांसद कमलभान सिंह, जिला पंचायत की अध्यक्ष सुश्री निशा नेताम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पा नेताम, जनपद अध्यक्ष विनय पैकरा, क्षेत्र के निर्वाचित क्षेत्र क जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

### आदिवासी परिधान और आभूषणों में छात्र-छात्राओं ने किया फैशन रैंप वॉक

तातापानी महोत्सव के अंतिम दिवस आदिवासी संस्कृति के संरक्षण एवं जागरूकता के लिए जिला प्रशासन द्वारा ट्राईबल फैशन वॉक का आयोजन किया गया। ट्राईबल फैशन वॉक में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने आदिवासी आभूषणों एवं परिधानों को पहनकर रैम्प वॉक किया, जिसे दर्शकों की खूब सराहना मिली। विलुप्त होते जा रहे आदिवासी संस्कृति को फिर से सहेजने तथा दर्शकों को जनजातीय समुदाय और उनके जीवन शैली को प्रदर्शित करने व समझने के लिए जिला प्रशासन की यह अनूठी पहल शानदार रही। इस ट्राईबल फैशन वॉक के द्वारा दर्शकों को आदिवासी संस्कृति तथा उनके पहनावे को जानने का बेहतर मौका भी मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के आदिम जाति विकास एवं कृषि विकास मंत्री रामविचार नेताम, कलेक्टर रिमिजियुस एक्का, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रेना जमील ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# जल जीवन मिशन भ्रष्टाचार की चढ़ी भेंट,भाजपा नेता ने की जांच की मांग

-संवाददाता-
कोरबा,17 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

केंद्र प्रवर्तित योजना जल जीवन मिशन आकांक्षी जिला कोरबा में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है।सत्ता परिवर्तन होते ही भाजपा नेता भी अब इस योजना में व्याप्त खामियों अनियमितताओं पर मुखर होने लगे हैं।



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सहकारिता प्रकोष्ठ के सदस्य किशन लाल अग्रवाल ने केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह को प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन के कार्य में पांच बिंदुओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए समस्त स्वीकृत कार्यो की केंद्रीय जांच एजेंसियों से जांच करवाकर दोषी अधिकारी कर्मचारियों का चिन्हांकन कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है,जिसपर केंद्रीय मंत्री ने जांच का आश्वासन दिया है। जिससे ठेकेदारों सहित अधिकारियों में मचा हुआ है हड़कंप। शिकायत पत्र में अग्रवाल ने उल्लेख किया है कि पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन योजना के तहत उपयुक्त स्थान पर पानी की उपलब्धता की जांच किए बिना ही टँकी निर्माण ,घटिया पाइप लाईन बिछाकर गुणवत्ताहीन चबूतरों का निर्माण किया जा रहा है। बिना कोई कार्ययोजना के कार्य करवाकर केवल लक्ष्य की पूर्ति करने के लिए शासन के करोड़ों रुपए को पानी मे बहाकर योजना का पलीता लगाया जा रहा है साथ ही इस महती योजना को अधिकतर पंचायतों में बिना इंजीनियर के देखरेख में कार्य संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने शिकायत की है के साईड में सब इंजीनियर आता ही नहीं ,सिर्फ ऑफिस में बैठकर बिल बनाकर शासन के पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है। पूरे जिले में निर्धारित मापदंडों एवं गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा ,केवल पाइप लाईन बिछा दिया जा रहा है ,जिससे चबूतरा निर्माण सफेद हाथी साबित हो रहा है। जनता से जुड़ी यह योजना विभागीय अमलों की उदासीनता एवं भ्रष्टाचार के कारण ही पूरे योजना की कमर तोड़ रही है । करोड़ों खर्च करने के बावजूद अधिकतर जगह अभी तक घर घर जल नहीं पहुंचा है जिले की जनता अभी तक प्यासी है जिससे प्रधानमंत्री की मंशा छत्तीसगढ़ के आदिवासी जिला कोरबा में धूमिल होती जा रही है।श्री अग्रवाल ने इस महती योजना का जिले में सुव्यवस्थित क्रियान्वयन करवाने सहित कार्यो की केंद्रीय जांच एजेंसियों से जांच करवाकर दोषी अधिकारी कर्मचारियों का चिन्हांकन कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है साथ ही यह बताना भी लाजमी होगा के विश्वस्त सूत्रों के अनुसार जिले में सैकड़ों स्वीकृत कार्य बीजेपी के ही छुटभैये नेता द्वारा नल जल योजना के अंतर्गत कार्य किए जा रहे हैं, ऐसे में अब यह देखना दिलचस्प होगा कि केंद्र व राज्य में सत्तारूढ़ बीजेपी सरकार अपने ही पार्टी के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों की शिकायत पर संज्ञान लेकर तत्काल जांच एवं उचित कार्रवाई करती है या फिर जांच की मांग किए गए मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

# विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता हुआ सम्पन्न

## श्रवण बाधित, अस्थि बाधित, दृष्टिबाधित, मूकबधिर और सिकल सेल से ग्रसित प्रतिभागी बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

-संवाददाता-
सूरजपुर,17 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक सूरजपुर डॉक्टर रोहित व्यास एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर रामललित पटेल एवं जिला मिशन समन्वयक शशिकांत सिंह के मार्गदर्शन एवं सहायक संचालक रविन्द्र सिंहदेव,सहायक परियोजना अधिकारी शोभनाथ चौबे एवं सुरविंद गुर्जर की उपस्थिति में विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मुख्यमंत्री




डीएवी पब्लिक स्कूल तिलसिवां के क्रीड़ांगन में तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण सूरजपुर ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ,जिसमें सूरजपुर जिले के सभी विकासखंडों से 78 दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया, जिसमें श्रवण बाधित, अस्थि बाधित, दृष्टिबाधित, मूकबधिर और सिकल सेल से ग्रसित प्रतिभागी बच्चों ने दौड़ ,गोला फेंक,कुर्सी दौड़,चित्रकारी, गायन और नृत्य में अपनी प्रतिभा दिखाई। इस कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका बालेंद्र साहू, रोहित सिंह रावत, माया ध्रुव,भास्कर यादव, समीरा केरकेट्टा और वैजंती माला ने निभाई। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में बीआरपी सुदर्शन राजवाड़े ,श्रीमती कौशल्या सिंह,श्रीमती राधा नंदी, प्रमोद टंडन, किशोर मुखर्जी, रमाकांत नर्मदा,विनोद यादव, इंदुवती तिग्गा ,हर्षनारायण शर्मा ,सीमांचल त्रिपाठी,गौरी शंकर पांडेय,सहदेव रवि ,गौतम शर्मा ,त्रिवेणी प्रसाद,पंचम राम, बलराम ठाकुर,सुदर्शन सिंह और ईश्वर सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# राजस्व ग्राम की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौपा ज्ञापन



-संवाददाता-
कुसमी 17 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

जनपद पंचायत अंतर्गत मदगुरी ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम कर्राडाड के ग्रामीणों ने काफी संख्या में जनपद पंचायत कार्यालय में आकर राजस्व ग्राम बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा है,जानकारी के मुताबिक कर्राडाड, बासा, लकरापारा,और ठरको टोली, के ग्रामीणों ने ज्ञापन सौप कर मांग रखी है की मदगुरी ग्राम पंचायत बहुत बड़ा ग्राम पंचायत है जिसके वजह से आश्रित ग्राम तक विकास कार्य का लाभ नहीं पहुंच पाता है इसलिए कर्राडाड,को राजस्व ग्राम बनाकर उसे ग्राम पंचायत बनाने की मांग रखी गई है ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों को भी ज्ञापन सौप कर मांग रखी गई है गौरतलब है की ग्रामीणों उक्त ज्ञापन में बताया है की मदगुरी ग्राम की जनसंख्या 2477 हैं जबकि कर्राडाड की जनसंख्या 974 है।वही मदगुरी 1076 मतदाता है जबकि कर्राडाड में 726 मतदाता है, ग्रामीणों ने बताया कि 19 दिसंबर 2023 को ग्राम सभा का आयोजन हुआ था जहां पर कर्राडाड को राजस्व ग्राम बनाने का निर्णय भी लिया गया था।


**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 01/04/2023 से श्री त्रिलोक सिंह हमारे फर्म मेसर्स श्री त्रिलोक सिंह से आपसी सहमति के आधार पर फर्म से अलग हो गये है बाकी उन्य सदस्य यथावत रहेगे।

भवदीय
मे. श्री त्रिलोक सिंह
गांधीनगर,अम्बिकापुर
(छ0ग0)


# सगे भाई ने अपनी ही नाबालिग बहन के साथ किया छेड़छाड़,आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,17 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।



जिले के कोतवाली थाने से एक शर्मनाक घटना सामने आया है,जहां सगे भाई ने अपनी बहन के साथ छेड़छाड़ करने लगा, जब वह इसका विरोध करने लगी तो उसके साथ मारपीट करने लगा और गाली गलौज भी किया। इस घटना के बाद पीड़िता रोते बिलखते हुए पुलिस के पास पहुंची और शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपी को किया गिरफ्तार। बताया जा रहा है के 17 वर्षीय नाबालिग मंगलवार की दोपहर स्कूल से पढ़ाई करने के बाद घर वापस लौटी। घर पर बूढ़ी दादी और दादा थे, माता-पिता कम पर गए हुए थे। इस दौरान उसका भाई नशे की हालत में घर पहुंचा और अपनी बहन के साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब वो विरोध करने लगी तो उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। बूढ़ी दादी ने भी विरोध किया लेकिन उससे भी गाली गलौज करने लगा। घटना के बाद सहमी हुई नाबालिक ने हिम्मत जुटाकर मामले की शिकायत थाने में की। मामले को गंभीरता को देखते हुए कोतवाली थाना प्रभारी अभिनव कांत सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर उसके ही आरोपी भाई को गिरफ्तार किया गया है। जिस वक्त आरोपी को गिरफ्तार किया गया वह बोन फिक्स के नशे में चूर था। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर आगे की कार्यवाही शुरू कर आरोपी को जेल दाखिल कर दिया है। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया आरोपी आदतन नशेड़ी है।

# सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए गाड़ी चलाने की दी जा रही समझाइश

-संवाददाता-
कोरबा,17 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

जिले में पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह चलाया जा रहा है जिससे सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके क्योंकि सड़क पर जरा सी चूक जानलेवा नुकसान की बड़ी वजह बन सकती है। नियमों की अनदेखी पलक झपकते ही जिंदगी को मौत में बदल सकती है। इसलिए सड़क से गुजरने वालों के लिए ट्रैफिक नियमों से न केवल अवगत होना चाहिए, उनका पालन भी जरूरी है। यही उद्देश्य रखते हुए यातायात पुलिस के साथ मंगलवार को नेहरू युवा केन्द्र (एनवायके) की टीम सड़क पर




नजर आई। सड़क पर आते जाते वाहनों को दो पहल ठहरकर जागरूक किया गया। अपने साथ दूसरों की जिंदगी की सुरक्षा के लिए बाइक सवारों को हेलमेट और जीप-कार चालकों को सीट बेल्ट लगाकर ही ड्राइव करने की समझाइश दी गई द्य सड़क सुरक्षा माह के दूसरे दिन नेहरू युवा केन्द्र के युवाओं ने ट्रैफिक पुलिस संग वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन और यातायात प्रभारी गोवर्धन मांझी के नेतृत्व में नेहरू युवा केन्द्र के युवाओं ने चालकों से सीट बेल्ट और हेलमेट लगाने का अनुरोध किया। जागरूकता माह के अवसर पर मंगलवार को नेहरू युवा केन्द्र के युवाओं ने ट्रैफिक पुलिस के साथ अभियान चलाया। इस दौरान वाहन चालकों को यातायात के दौरान खुद को और सड़क के प्रत्येक राहगीर की सुरक्षा सुनिश्चित करने में योगदान अर्पित करने की अपील की। नया बस स्टैंड, टीपी नगर में लगभग 150 वाहन चालकों को सीट बेल्ट और हेलमेट लगाकर वाहन चलाने का अनुरोध किया। लोगों को ट्रैफिक रूल्स का पाठ पढ़ाते हुए उन्हें अपने दिनचर्या में शामिल करने की भी गुजारिश की गई।


**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील जरही, तहसील-प्रतापपुर जिला-सूरजपुर छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0....................

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, आवेदक अंगत राम आ0 मोहरसाय जाति गोड़ निवासी नगर पंचायत दुरती, उप तहसील-जरही, तहसील-प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा, अपने पुत्र सुमीत सिंह आ0 अंगत राम का जन्म दिनांक 04/05/2006 को ग्राम पंचायत दुरती में घर पर होने का लेख कर जन्म प्रमाण पत्र बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। अतः इसमें किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 20/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा बाद में प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा। स्थानीय समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन कराया जावे।

यह उद्घोषणा मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 21/12/2023 जारी किया गया ।

सील
नायब तहसीलदार
उप तहसील जरही,प्रतापपुर
जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील जरही, तहसील-प्रतापपुर जिला-सूरजपुर छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0....................

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, आवेदक सुन्ते राम आ0 बुधराम जाति रजवार निवासी नगर पंचायत जरही, वार्ड नम्बर 10, उप तहसील-जरही, तहसील-प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) द्वारा, अपना स्वयं सुन्ते राम आ0 बुधराम का जन्म दिनांक 03/05/1990 को नगर पंचायत जरही में घर पर होने का लेख कर जन्म प्रमाण पत्र बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इसमें किसी को कोई आपत्ति हो,तो वह अपनी लिखित आपत्ति दिनांक30/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा बाद में प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जायेगा। स्थानीय समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन कराया जावे।

अतः दिनांक 10/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से उदघोषणा जारी किया गया।

सील
नायब तहसीलदार
उप तहसील जरही,प्रतापपुर
जिला-सूरजपुर (छ0ग0)

# आर प्रगनानंदा ने मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराया,शीर्ष रैंक वाले भारतीय बने

## आर प्रज्ञानानंद ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड चैंपियन को पटखनी दी है...

- » टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में चीन के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डिंग लीरेन को हराया
- » इस जीत के साथ ही वह दिग्गज विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़कर भारत के नंबर वन खिलाड़ी बन गए



**नईदिल्ली,17 जनवरी 2024।** भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी आर प्रगनानंदा ने टाटा स्टील मास्टर्स के चौथे दौर के मुकाबले में मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराने का कारनामा किया है।इस जीत के साथ ही वह शीर्ष रैंक वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर बने हैं। उन्होंने विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़कर ये उपलब्धि हासिल की है।प्रगनानंदा अब आनंद के बाद ही क्लासिकल शतरंज में मौजूदा विश्व चैंपियन को हराने वाले दूसरे भारतीय बन गए। काले मोहरों से खेलते हुए प्रगनानंदा ने शुरू से ही बोर्ड पर बढ़त हासिल थी।इस साल टाटा स्टील शतरंज प्रतियोगिता में 3 ड्रॉ के बाद चौथे दौर में यह उनकी पहली जीत है। बता दें कि प्रगनानंदा ने पिछले साल 17 जनवरी को इसी प्रतियोगिता में डिंग को काले मोहरों से हराया था। हालांकि, उस समय डिंग विश्व नंबर 2 ग्रैंडमास्टर थे।डिंग पिछले साल रूस के इयान नेपोम्नियाचची को हराकर विश्व चैंपियन बने थे। चीन के विश्व चैंपियन पर जीत ने बाद प्रगनानंदा ने अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि किसी भी दिन यदि आप इतने मजबूत खिलाड़ी को हराते हैं, तो यह हमेशा विशेष होता है क्योंकि उन्हें हराना बहुत आसान नहीं होता है। क्लासिकल शतरंज में विश्व चैंपियन के खिलाफ पहली बार जीतना सुखद अनुभव है। टूर्नामेंट के अंत तक ऊर्जा बरकरार रखना वास्तव में महत्वपूर्ण है।

इस जीत की बदौलत प्रगनानंदा 5 बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद से आगे निकल गए।वह अब फाइड की लाइव रेटिंग में 2748.3 रेटिंग के साथ देश के शीर्ष रैंक वाले शतरंज खिलाड़ी बन गए, जबकि आनंद के 2748 रेटिंग अंक हैं।इस रैंकिंग में अन्य भारतीय ग्रैंडमास्टर की बात करें तो विदित संतोष गुजराती (2742.2), अर्जुन एरिगैसी (2738.0) और डी गुकेश (2721.3) का नंबर आता है।

प्रगनानंदा का जन्म 10 अगस्त, 2005 को चेन्नई में हुआ है।उनके पिता रमेशबाबू तमिलनाडु स्टेट कॉर्पोरेशन बैंक में शाखा प्रबंधक के रूप में काम करते हैं जबकि उनकी मां नागलक्ष्मी गृहिणी हैं। दिलचस्प बात यह है कि प्रगनानंदा की बड़ी बहन वैशाली भी शतरंज खेलती हैं।बता दें वैशाली अगस्त 2021 में भारत की 10वीं इंटरनेशनल महिला मास्टर बनी थी। प्रगनानंदा 2 बार मैग्नस कार्लसन को भी हरा चुके हैं।

# संक्षिप्त खेल समाचार

## आईसीसी ने बांग्लादेश के क्रिकेटर नासिर हुसैन पर दो साल का प्रतिबंध लगाया

**ढाका,17 जनवरी 2024।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर नासिर हुसैन को अमीरात क्रिकेट बोर्ड कि भ्रष्टाचार रोधी संहिता के तीन आरोपों को स्वीकार करने के बाद दो साल के लिए सभी तरह की क्रिकेट से प्रतिबंधित कर दिया गया जिसे छह महीने का निलंबित प्रतिबंध भी शामिल है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अमीरात क्रिकेट बोर्ड की संहिता के तहत नामित भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारी के रूप में हुसैन पर सितंबर 2023 में आरोप लगाए थे।

इस क्रिकेटर ने इनमें से तीन आरोप स्वीकार किए थे। आईसीसी के अनुसार हुसैन ने उन्हें मिले उपहार का खुलासा नहीं किया था। इसके अलावा इस क्रिकेटर ने भ्रष्ट कार्यों में शामिल होने के लिए की गई पेशकश के बारे में भी भ्रष्टाचार निरोधक अधिकारी को जानकारी नहीं दी थी। यही नहीं उन्होंने जांच में सहयोग भी नहीं किया था। बयान के अनुसार इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने आरोपों को स्वीकार कर लिया है और प्रतिबंध पर अपनी सहमति जताई है। वह 7 अप्रैल 2025 के बाद क्रिकेट की गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं।हुसैन पुणे डेविल्स फ्रेंचाइजी से जुड़े उन आठ लोगों में शामिल थे जिन पर 2020-21 में अबूधाबी टी10 में कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। हुसैन ने बांग्लादेश की तरफ से 19 टेस्ट, 65 वनडे और 31 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने आखिरी बार 2018 में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया था।

## सुमित नागल ने विराट कोहली को दिया अपनी जीत का क्रेडिट



**नई दिल्ली,17 जनवरी 2024।** भारतीय टेनिस के स्टार खिलाड़ी सुमित नागल ने अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की है। टेनिस में नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर में वर्ल्ड नंबर 27 अलेक्जेंडर बुब्लिक को मात देकर इतिहास रच दिया। सुमित नागल ने अपने जीत का क्रेडिट भारतीय क्रिकेटर स्टार विराट कोहली को दिया है। सुमित ने सोनी स्पोर्ट्स को दिए इंटरव्यू में कहा कि उनकी कभी कभी विराट कोहली से बात होती है। उन्होंने कहा कि उनके लिए एक कल्पना करना मुश्किल है कि अगर जरूरत के समय कोहली ने उनकी मदद नहीं की होती तो उनकी जिंदगी कैसी होती। सुमित नागल ने कहा कि, मैं कभी-कभी उनसे बात करता हैं। मैं उनकी फाउंडेशन का भी हिस्सा हूं। मैं उनकी तरफ से पिछले कई सालों से मिलने वाले सपोर्ट के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। आप जानते हैं किस भारतीय को क्रिकेट देखना पसंद नहीं होगा, मैं क्रिकेट को फॉलो करता हूं और जब भी मौका मिलता है तो जरूर देखता हूं।

## सेमीफाइनल में जर्मनी से भिड़ने के लिए तैयार भारत



**रांची,17 जनवरी 2024।** अपने पहले मैच में अमेरिका से हार के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम ने इटली के खिलाफ 5-1 से जीत दर्ज की। साथ ही गुरुवार को भारतीय टीम महिला एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में मजबूत जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में काफी आत्मविश्वास के साथ उतरेगी।न्यूजीलैंड के खिलाफ लीग मैच भारत के लिए एक वास्तविक दबाव वाली स्थिति और करो या मरो का मुकाबला था क्योंकि हार से टूर्नामेंट में उनकी उम्मीदें खत्म हो जाती और सिर पर बोझ पड़ सकता था। टीम इससे बच गई क्योंकि उसने शानदार वापसी करते हुए न्यूजीलैंड को 3-1 से हरा दिया। उन्होंने उस दूसरे प्रयास का फायदा उठाते हुए इटली को 5-1 से हरा दिया और सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

## कमिंस,हेजलवुड के सनसनीखेज स्पैल ने ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट में ड्राइवर की सीट पर ला खड़ा किया

**एडिलेड ,17 जनवरी 2024।** पैट कमिंस और जोश हेज़लवुड की शानदार गेंदबाजी ने बुधवार को एडिलेड ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पहले दिन स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया को ड्राइविंग सीट पर बिठा दिया। पहले दिन स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 59/2 है और वह क्रीज पर उस्मान ख्वाजा (30*) और कैमरून ग्रीन (6*) के साथ 129 रन पीछे है। बुधवार को तीसरे सत्र में मेजबान टीम ने कमिंस और हेजलवुड के चार विकेट की मदद से कैरेबियाई टीम को 188/10 पर आउट कर दिया।किर्क मैकेंजी (94 गेंदों पर 50 रन) और शमर जोसेफ (41 गेंदों पर 36 रन) कैरेबियाई टीम के एकमात्र असाधारण बल्लेबाज थे। लेकिन ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज़ी आक्रमण ने उन्हें खेल पर बढ़त हासिल करने का मौका नहीं दिया।ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में, कैरेबियाई पदार्पणकर्ता शमर जोसेफ ने एडिलेड ओवल में पहले दिन अपनी पहली ही गेंद पर स्टार ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को आउट करके अपने टेस्ट करियर की स्वप्निल शुरुआत की। तेज गेंदबाज ने टेस्ट क्रिकेट में अपनी पहली ही गेंद पर स्मिथ को अच्छी लेंथ की गेंद फेंककर आउट कर दिया, जो नौवें ओवर में दाएं हाथ के बल्लेबाज की ओर घूम रही थी।

## पूर्व भारतीय स्टार ने अफगानिस्तान के खिलाफ अंतिम टी 20 मैच में संजू सैमसन की जगह जितेश को मौका देने का समर्थन किया



**नईदिल्ली,17 जनवरी 2024।** क्रिकेट कमेंटेटर और पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि भारत को बुधवार 17 जनवरी को बेंगलुरु में अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में संजू सैमसन के बजाय जितेश शर्मा के साथ रहना चाहिए। जितेश को मध्य में अपने तेज-तर्रार कैमियो और गेंद को अपनी इच्छानुसार स्टैंड में भेजने की अद्भुत क्षमता के लिए जाना जाता है। जितेश को संजू सैमसन की जगह अंतिम एकादश में चुना गया, जिन्होंने हाल ही में पिछले महीने वनडे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़ा था।

चोपड़ा को लगता है कि जितेश को तीसरा गेम खेलने का मौका मिलना चाहिए और उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, सवाल यह है कि क्या आपको जितेश या संजू को नंबर 6 पर रखना चाहिए। अगर जितेश ने अपनी जगह पूरी तरह से पक्की कर ली होती, अगर ऐसा नहीं होता जितेश के नाम के आगे बिल्कुल भी सवालिया निशान है कि वो वर्ल्ड कप में जरूर जा रहे हैं, संजू के बारे में तो आप सोच ही सकते थे. हालांकि जितेश की अभी पुष्टि नहीं हुई है.'

इसका एक दूसरा पहलू भी है। मान लीजिए कि आप संजू खेलते हैं, तो क्या आप उसे एक मैच से आंक लेंगे? यह गलत है। आप जिसे भी आज़माएं, उसे कम से कम तीन मौके दें। संजू के साथ उसके पूरे करियर में यही हुआ है। चोपड़ा ने जोड़ा।

श्रृंखला में, जितेश ने पहले टी20आई में 20 गेंदों में 31 रन बनाए, लेकिन दूसरे गेम में अपना खाता खोलने में असफल रहे।

जितेश के साथ, शिवम दुबे पहली पसंद ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की अनुपस्थिति में भारतीय टीम के लिए एक और स्टैंडआउट खिलाड़ी के रूप में उभरे हैं। तिलक वर्मा और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ी भी मध्य क्रम में खेलने में सक्षम हैं, चोपड़ा को लगता है कि तिलक को किसी भी बल्लेबाज की जगह नहीं लेनी चाहिए।शिवम दुबे अब तक श्रृंखला की खोज रहे हैं, इसलिए वह निश्चित रूप से नंबर 4 पर खेलेंगे। तो क्या तिलक वर्मा को यहां खिलाया जा सकता है? किसके स्थान पर, क्योंकि रिंकू सिंह को सीमित अवसर मिलते हैं, के संदर्भ में नहीं खेल, लेकिन उसे बल्लेबाजी करने के लिए जितनी रकम मिलती है। इसलिए उसे भी खेलने की जरूरत है, चोपड़ा ने कहा।भारत पहले ही अफगानिस्तान पर 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर सीरीज अपने नाम कर चुका है। दोनों टीमें बुधवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आमने-सामने होंगी।

## भारत ने इटली को 5-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई



**नईदिल्ली,17 जनवरी 2024।** भारत ने अपने आखिरी पूल बी गेम में इटली पर 5-1 से जीत के साथ रांची में एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। सेमीफाइनल में उनका सामना गुरुवार शाम को जर्मनी से होगा, जहां जीत सुनिश्चित करेगी कि वे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लें।अमेरिका की न्यूजीलैंड पर जीत का मतलब था कि भारत को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए केवल इटली के खिलाफ हार से बचना होगा।उन्होंने स्वप्निल शुरुआत की, क्योंकि सलीमा टेटे ने पहले मिनट में पेनल्टी कॉर्नर जीता और उदिता दुहान के एक शक्तिशाली शॉट के माध्यम से इसे शानदार ढंग से बदल दिया गया। भारत ने पहले हाफ का बाकी समय मेहनत करते हुए बिताया,क्योंकि वे आक्रमण में धीमे थे और अपने कौशल में भी कमजोर थे, क्योंकि पासिंग और ट्रैपिंग दोनों ने उन्हें कई मौकों पर निराश किया। इसके बाद सलीमा ने दाहिने फ्लैंक पर एक तंग कोण से सनसनी खेज अंत के साथ वह गोल हासिल किया।नवनीत कौर द्वारा कुछ अच्छे ड्रिब्लिंग और शानदार रिवर्स स्ट्रोक के साथ टूर्नामेंट का अपना पहला गोल करने के बाद, उदिता ने टीम के लिए अपनी 100वीं कैप का जश्न मनाने के लिए एक और गोल किया। जर्मनी कड़ी परीक्षा पेश करेगा, जैसा कि प्रतियोगिता में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम से उम्मीद थी। लेकिन अमेरिका को मिले झटके के बाद भारत दो मैचों में 8 गोल करके आत्मविश्वास के साथ इसमें उतरेगा।

## न्यूजीलैंड में पाकिस्तान की किरकिरी

### हारिस रऊफ के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड



**नईदिल्ली,17 जनवरी 2024।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है। मेजबान कीवी टीम ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। बुधवार को खेले गए तीसरे व आखिरी टी-20 मैच में मेजबान टीम ने 45 रनों से एक बड़ी जीत दर्ज की। इस मैच में सलामी बल्लेबाज फिन एलेन ने 137 रनों की ताबड़तोड़ शतकीय पारी खेली. इस मैच में पाकिस्तानी गेंदबाज हारिस रॉफ की खूब पिटाई हुई और उनके नाम शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया।

पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए तीसरे टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज ने कमाल की पारी खेली। उन्होंने 62 गेंदों में 220.97 की स्ट्राइक रेट से 137 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेलकर इतिहास रच दिया। बल्लेबाज ने अपनी पारी के दौरान 5 चौके और 16 छक्के जड़े,कमाल की बात ये रही कि फिन एलन ने सिर्फ 48 गेंदों पर ही अपना शतक पूरा कर लिया था। सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने न्यूजीलैंड के लिए टी20 का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। इससे पहले महिला क्रिकेटर सूजी बेट्स ने नाबाद 124 रन बनाए थे।

न्यूजीलैंड के साथ खेले गए तीसरे टी-20 मैच में पाकिस्तानी गेंदबाजों की जमकर पिटाई हुई, जिसमें हारिस रऊफ सबसे अधिक रन लुटाने वाले गेंदबाज रहे. इस मैच में उनकी लाइन और लेंथ सही नहीं लग रही थी और अपने 4 ओवर के कोटे में उन्होंने 60 रन लुटाए. इसी के साथ हारिस टी-20 क्रिकेट में पाकिस्तान के लिए सबसे अधिक रन लुटाने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर आ पहुंचे हैं। पाकिस्तान के लिए एक टी-20 में सबसे अधिक रन देने का रिकॉर्ड उस्मान शिनवारी के नाम दर्ज है, जिन्होंने 63 रन लुटाए थे।

## थाईलैंड ने किर्गिस्तान को 2-0 से हराया जबकि सऊदी अरब ने ओमान पर जीत हासिल की

**दोहा,17 जनवरी 2024।** सुपाचाई चैडेद ने प्रत्येक हाफ में गोल करके थाईलैंड को एएफसी एशिया कप में किर्गिस्तान पर 2-0 से जीत दिलाने में मदद की, जिसके साथ ग्रूप मैचों के पहले दौर की समाप्ति हुई। थाईलैंड ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए अपना पहला ग्रुप एफ मैच जीत लिया और टूर्नामेंट में अब तक तीन अंक हासिल करने वाली पहली दक्षिण पूर्व एशियाई टीम बन गई। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इंडोनेशिया, मलेशिया और वियतनाम की हार के बाद ऐसा हुआ।

बोर्डिन फाला ने कर्लिंग ग्राउंडर को खोलने से पहले अंदर की ओर कट किया, जिसे किर्गिस्तान के गोलकीपर एर्ज़ान टोकोटाएव ने सुपाचाई के रास्ते में रोक दिया, जिन्होंने 26 वें मिनट में रिबाउंड को गोल में बदलकर 1-0 की बढ़त बना ली। 5 वर्षीय फारवर्ड सुपाचाई ने ब्रेक के तीन मिनट बाद एक और टैप-इन के साथ अपना दूसरा गोल किया, जबकि किर्गिस्तान को एक क्रॉस से निपटने के लिए संघर्ष करना पड़ा। थाईलैंड, जो टूर्नामेंट के 2019 संस्करण में पहली बार नॉकआउट चरण में पहुंचा, अब सऊदी अरब के साथ ग्रुप एफ में



तीन अंकों के साथ शीर्ष पर है। सऊदी अरब ने मंगलवार रात ओमान पर नाटकीय ढंग से 2-1 से जीत हासिल की। रॉबर्टो मैनसिनी की टीम दोहा में टूर्नामेंट जीतने की पक्षधर थी, लेकिन ओमान ने ठोस रक्षा और त्वरित जवाबी हमलों पर भरोसा करते हुए कॉम्पैक्ट और सुव्यवस्थित खेला। सलाह अल याहयाई ने वीएआर समीक्षा के बाद दिए गए दंड को गोल में बदल दिया, जिससे ओमान 14 मिनट के बाद आगे हो गया।

एशिया कप के तीन बार के चैंपियन सऊदी अरब ने 78 वें मिनट में बराबरी कर ली जब अब्दुलरहमान ग़रीब ने ओमान के तीन रक्षकों को छकाया और गेंद को नेट में डाल दिया। विजयी गोल इंजरी समय के छठे मिनट में आया जब अली अल बुलाही ने क्लोज-रेंज हेडर के साथ स्कोर किया, जिसे शुरुआत में ऑफसाइड के लिए अस्वीकार कर दिया गया था लेकिन बाद में वीएआर समीक्षा के बाद मंजूर किया गया।

12 जनवरी से 10 फरवरी तक चलने वाले एशियन कप में कुल 24 टीमें छह समूहों में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। छह ग्रुप विजेता और उपविजेता तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीमों के साथ नॉकआउट चरण में आगे बढ़ेंगे।

# सूर्या और दिशा पाटनी की कंगुवा का नया पोस्टर जारी



दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता सूर्या पिछले लंबे वक्त से अपनी आने वाली फिल्म कंगुवा को लेकर चर्चा में हैं।यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी तमिल सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं।इसमें बॉबी देओल भी अहम भूमिका निभाते दिखाई देंगे।इस बीच अब निर्माताओं ने कंगुवा का नया पोस्टर सामने आ चुका है, जिसमें सूर्या का धांसू अवतार देखने को मिल रहा है।

फिल्म में सूर्या कभी नहीं देखे गए अवतार में नजर आएंगे, जिसकी झलक सामने आए पोस्टर में साफ दिख रही है।निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, समय से भी मजबूत नियति। भूत, वर्तमान और भविष्य। सब एक ही नाम की प्रतिध्वनि करते हैं कंगुवा।फिलहाल इस फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।कंगुवा को 38 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। ऐसा पहली बार होगा, जब कोई तमिल फिल्म 38 भाषाओं में दर्शकों के बीच आएगी।

## हुमा कुरैशी की महारानी 3 का टीजर आया सामने, उम्दा अदाकारी ने फिर जीता दिल




साल 2021 में आई वेब सीरीज महारानी को काफी पसंद किया गया था। इसमें हुमा कुरैशी मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। सीरीज में उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई। महारानी की अपार सफलता के बाद 2022 में इसका दूसरा भाग आया है।अब महारानी का तीसरा सीजन दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए लौट रहा है।इस बीच महारानी 3 का दमदार टीजर सामने आ चुका है। उनकी उम्दा अदाकारी ने फिर से दर्शकों का दिल जीत लिया है। महारानीबहुत जल्द ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर दस्तक देने वाली है। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, परीक्षा की तैयारी है जारी। फिर आ रही है महारानी।इसमें सोहम शाह,अमित सियाल,कानि कुश्रुति, अनुजा साठे और इनामुलहाक भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।सुभाष कपूर द्वारा निर्मित महारानी में हुमा को रानी भारती के किरदार में दिखाई दीं, जो एक गांव की महिला से बिहार की मुख्यमंत्री बनती है।

## फाइटर का ट्रेलर रिलीज,ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण के हवाई एक्शन ने उड़ाए होश




ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की जोड़ी वाली फिल्म फाइटर को लेकर दर्शकों के बीच गजब का उत्साह है। फिल्म का इंतजार दर्शकों को इसलिए बेसब्री से है, क्योंकि पहली बार ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं।फिल्म के पोस्टरों से लेकर, टीजर और गानों तक में दोनों की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिल चुकी है और अब फाइटर का ट्रेलर भी रिलीज हो चुका है, जिसकी राह दर्शक का ी समय से देख रहे थे।

फिल्म का ट्रेलर बिल्कुल कड़क है। यह सांस रोक देने वाले एरियल एक्शन के साथ देशभक्ति के जज्बे से भरपूर है। ऋतिक के साथ-साथ इसमें दीपिका के हवाई स्टंट भी होश उड़ा देने वाले हैं।दोनों की जोड़ी भी जम रही है, वहीं वर्दी में न सिर्फ दीपिका और ऋतिक, बल्कि अनिल कपूर भी खूब जंच रहे हैं।इसके विजुअल्स बता रहे हैं कि सिद्धार्थ आनंद ने अपनी फिल्म के एक्शन को फिर नए स्तर पर पहुंचा दिया है। शाहरुख खान की फिल्म पठान के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फाइटर में ऋतिक स्क्वाड्रन लीडर शमशेर पठानिया उर्फ पैटी के रोल में हैं, जबकि दीपिका स्क्वाड्रन लीडर मीनल राठौड़ उर्फ मिन्नी के किरदार में दिख रही हैं, वहीं अनिल फिल्म में एक कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन राकेश जय सिंह उर्फ रॉकी की दमदार भूमिका में दिख रहे हैं।यह फिल्म 25 जनवरी को सिनेमाघरों में आने वाली है।

CMYK

# वन सेवा भर्ती में गड़बड़ी का लगा आरोप

## फिजिकल में फेल हो चुके उम्मीदवारों को दोबारा मौका देने की शिकायत




रायपुर,17 जनवरी 2024 (ए)। छत्तीसगढ़ वन सेवा भर्ती प्रक्रिया में धांधली किये जाने का गंभीर आरोप लग रहा है। वेटिंग लिस्ट में शामिल अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया है कि फिजिकल टेस्ट में फेल हो चुके अभ्यर्थियों को अधिकारी दोबारा मौका देकर वेटिंग लिस्ट के अभ्यर्थियों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। इस भर्ती की लिखित परीक्षा सीजीपीएससी द्वारा ली गई थी।

साल 2021 में सीजीपीएससी ने वन सेवा भर्ती की परीक्षा ली थी। साल 2023 में रिजल्ट आने के बाद चयनित अभ्यर्थियों का फिजिकल टेस्ट लिया गया। जिसमें विभाग के अफसरों द्वारा धांधली किये जाने की शिकायत मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ से की गई है।

### 2020 में निकाली गई थी वैकेंसी

बताते चलें कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने साल 2020 में वन विभाग में भर्ती के लिए वैकेंसी निकाली थी। इसके तहत सीजीपीएससी द्वारा साल 2021 में वन सेवा भर्ती की परीक्षा आयोजित की गयी। जिसके बाद 3 जून 2023 को इस परीक्षा का रिजल्ट सीजीपीएससी द्वारा जारी कर मुख्य एवं अनुपूरक सूची जारी किया गया। इसके बाद प्रधान मुख्य वन संरक्षण रायपुर कार्यायल में चयनित अभ्यर्थियों का दस्तावेज परीक्षण के बाद दिनांक 12 सितंबर 2023 को शारीरिक मापदंड परीक्षण लिया गया।

### फिजिकल टेस्ट में असफल रहे कई परीक्षार्थी..

अनुपूरक सूची में दर्ज अभ्यर्थियों का आरोप है कि 12 सितंबर को आयोजित शारीरिक मापदंड परीक्षण में 4 घंटे के भीतर 26 किलोमीटर पैदल चलना था। जिसमें 20 से अधिक अभ्यर्थी इस परीक्षण में असफल रहे। लिहाजा वेटिंग लिस्ट के अभ्यर्थियों को उन अभ्यर्थियों के स्थान पर फिजिकल टेस्ट के लिए मौका दिया जाना था। लेकिन अधिकारियों से इस संबंध में जानकारी लिये जाने पर अनुपूरक सूची में दर्ज अभ्यर्थियों को मौका ना देकर फिजिकट टेस्ट में फेल हुए अभ्यर्थियों को दोबारा मौका दिये जाने की दलील दी गयी।

### मुख्य सचिव पिंगुआ से की गई शिकायत

अधिकारियों के इस जवाब से निराश अभ्यर्थियों ने इस पूरे मामले को लेकर वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ को पत्र लिखकर इस मामले की शिकायत की है। अनुपूरक सूची में दर्ज अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया है कि अधिकारी अपने कुछ विशेष लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए नियमों में परिवर्तन कर नियम विरूद्ध मनमानी कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने इस पूरे प्रकरण की जांच कर न्याय की गुहार लगायी है।

## दो नए मंत्रियों ने नवा रायपुर में मंत्रियों के लिए बने बंगलों में दिलचस्पी दिखाई



### शिफ्ट होने दो मंत्रियों ने लिखा पत्र

रायपुर,17 जनवरी 2024 (ए)। प्रदेश सरकार के दो नए मंत्रियों ने नवा रायपुर में मंत्रियों के लिए बने बंगलों में दिलचस्पी दिखाई है। भाजपा सरकार के मंत्री दयालदास बघेल और रामविचार नेताम ने नवा रायपुर शिफ्ट होने के लिए संपदा अधिकारी को पत्र दिया है। इन्हें मंत्रियों के लिए निर्धारित बंगले अलाट करने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। आपको बता दें कि लगभग 15 दिन पहले ही प्रदेश के सभी नए मंत्रियों को राजधानी रायपुर में बंगले अलाट किए गये हैं।

नवा रायपुर में रामविचार नेताम ने एम-5 बंगला मांगा है। वहीं दयालदास बघेल ने एम-8 नंबर के बंगले के लिए पत्र दिया है। अभी नेताम मौलश्री विहार के अपने निजी आवास में और बघेल जेल रोड स्थित धरोहर नामक सरकारी बंगले में रह रहे हैं जो पहले रुद्र गुरु को आवंटित था।

नवा रायपुर के सेक्टर 24 में तेरह मंत्रियों के लिए बंगले बनकर तैयार हैं। इनमें बिजली और फर्नीचर का काम पूरा हो चुका है। ये सभी बंगले दो दो एकड़ में हैं। मुख्यमंत्री आवास अलग से बन चुका है। यह आठ एकड़ में बना हुआ है। अभी मुख्यमंत्री वहां शिफ्ट नहीं हो रहे हैं। वे पहुना में रह रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### क्या होंगे छग के नए डीजीपी स्वागतदास




रायपुर,17 जनवरी 2024 (ए)। छत्तीसगढ़ के नए डीजीपी के लिए स्वागत दास के नाम पर चर्चा चल रही है। स्वागत दस वर्तमान में केन्द्रीय गृह मंत्रालय में पदस्थ हैं। 1994 से केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली गए स्वागत दास केन्द्रीय मंत्री अमित शाह की टीम में बतौर विशेष सचिव आंतरिक सुरक्षा के पद पर कार्यरत हैं। उनके रिटायरमेंट में अभी दस माह शेष है। डीजीपी बनने की स्थिति में उन्हें दो साल का एक्सटेंशन मिल सकता है। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ आ चुके हैं।

### मुख्यमंत्री साय ने कुमार लक्ष्मी नारायण देव के निधन पर जताया शोक



रायपुर,17 जनवरी 2024 (ए)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कुमार लक्ष्मी नारायण देव के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। श्री साय ने स्वर्गीय श्री देव के पुत्र जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव एवं शोकाकुल परिवारजनों के प्रति भी अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं एवं परिवारजनों द्वारा इस शोक को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना ईश्वर से की है।

### पुलिस कैंप में नक्सलियों का हमला



बीजापुर,17 जनवरी 2024 (ए)। बीजापुर-सुकमा बॉर्डर पर स्थापित पुलिस कैंप में नक्सलियों ने हमला कर फिर अपनी सक्रियता दर्ज कराने का कोई भी मौका नहीं छोड़ रहे है। पिछले एक सप्ताह से लगातार कायराना करतूत को अंजाम देकर ध्यान खींचने की कोशिश कर रहे है।

सरकार के अथक प्रयासों के बाद भी वनांचल क्षेत्र में नक्सलियों का आतंक खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन नक्सली ग्रामीण व जावानों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश में रहते हैं। इसी बीच खबर आ रही है कि पुलिस कैम्प पर नक्सलियों ने हमला किया है। हालंकि इस खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, देर रात दो से तीन कैम्पों पर फ़ायरिंग की खबर मिली थी। बताया जा रहा है कि बीजापुर और सुकमा की सीमा पर पुलिस कैंप लगे हुए थे। तभी नक्सलियों की हमले की खबर है।

# 51 हजार राम चरित मानस वितरण का वर्ल्ड रिकॉर्ड

## पहले 48 हजार मानस वितरण कर चुके थे...आज 3 हजार मानस ग्रंथ वितरित किये गये...

- गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज
- मैं सांसद मोहन मंडावी जी को रामायणी सांसद कहूँगा, वे हीरो हैं : मुख्यमंत्री
- मंडावी ने अपना ही नहीं, छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया:मुख्यमंत्री साय




रायपुर,17 जनवरी 2024 (ए)। आज गुंडरदेही में आयोजित सीएम विष्णुदेव साय के सौगात कार्यक्रम में सांसद मोहन मडावी ने 51 हजार मानस प्रति बांटकर रिकार्ड बनाया। इस अवसर पर गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड्स की टीम ने वितरण के पश्चात इसे गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया।

आज बालोद जिले के गुंडरदेही में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह ने भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर श्रद्धालुओं को रामचरितमानस का वितरण भी किया। आज यहां तुलसी मानस प्रतिष्ठान द्वारा 3000 मानस ग्रंथों का वितरण किया। इसके पूर्व 48 हजार ग्रंथों का वितरण हो चुका है।अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी है यहां भगवान के ननिहाल छत्तीसगढ़ में भी इसके लिए उत्सव सा माहौल है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कांकेर सांसद मोहन मंडावी ने इस संबंध में निश्चय किया था कि गुंडरदेही में रामचरितमानस को पूरी प्रतिष्ठा के साथ लाल कपड़े में बांधकर श्रद्धालुओं को सौंपा गया। श्रद्धालुओं ने इसे सिर माथे लिया। लगभग 3000 लोगों ने मानस को सिर माथे रखकर श्रीराम के जयजयकार के नारे लगाये और पूरा माहौल राममय हो गया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्रीराम की जयकार के साथ अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि मैं कांकेर सांसद मोहन मंडावी को रामायणी सांसद कहूँगा। उन्हें हीरो कहूँगा, उन्होंने मानस वितरण को लेकर बहुत अच्छा काम किया है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार बालोद आया, आपकी आत्मीयता के लिए आपका स्वागत करता हूँ।

आज यहां 173 करोड़ रुपए से अधिक राशि का लोकार्पण भूमिपूजन किया। मंडावी 2002 से मानस वितरण का कार्य कर रहे हैं। आज उन्होंने 3000 प्रतियां वितरित कर 51 हजार मानस वितरित करने का का पूरा कर लिया है। इससे पहले वे 48 हजार मानस वितरित कर चुके हैं। इसे गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडावी ने अपना ही नहीं, छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। उन्होंने 51 हजार परिवारों में मानस पहुंचाने का काम किया है। साथ ही हर घर तुलसी चौरा हो, इसके लिए भी उन्होंने लोगों को प्रोत्साहित किया है। यह बहुत अच्छा काम है।

राम चरित मानस के वितरण से बेहतर समाज के निर्माण की दिशा तय होती है। इस महती कार्य के लिए मंडावी को बधाई देता हूँ। यह कार्य ऐसे शुभ समय में हो रहा है जब 22 तारीख को अयोध्या धाम में श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा होने वाली है। चारों ओर उत्सव का माहौल है। मकर संक्रांति से 22 जनवरी तक मंदिरों में साफसफाई का काम हम लोग कर रहे हैं। ।

# पुलिसकर्मियों के साप्ताहिक अवकाश को लेकर सीएम साय ने किया इंकार



रायपुर,17 जनवरी 2024 (ए)। मुख्यमंत्री साय धार्मिक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पुलिसकर्मियों के साप्ताहिक अवकाश को लेकर मुख्यमंत्री साय ने साप्ताहिक अवकाश से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा इस तरह का कोई आदेश नहीं है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश के बाद पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने छत्तीसगढ़ के पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को साप्ताहिक अवकाश देने के लिए आदेश जारी किया था। गौरतलब हैं कि 2020 से पहले पुलिसकर्मियों को सप्ताह में किसी एक दिन अवकाश की सुविधा मिलती थी लेकिन कोरोना संकट में आपातकालीन ड्यूटी की वजह से कर्मियों के अवकाश को रोक दिया गया था जो आज तक जारी है।

साथ ही आपको बताते चले कि वीआईपी ड्यूटी सहित काम की व्यवस्था के चलते पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश नहीं मिल पाता है। इस कारण पुलिसकर्मी अपना निजी काम नहीं कर पाते हैं। इतना ही नहीं परिवार को भी समय नहीं दे पाते हैं। ऐसे में पिछले दिनों गृहमंत्री और डीजीपी द्वारा जारी आदेश और सीएम साय के ब्यान के बाद छत्तीसगढ़ पुलिस के साप्ताहिक अवकाश पर सस्पेंस अभी भी बरकरार है। फ़िलहाल ये आदेश महज कागजों में सिमट कर रह गया है। ऐसे में देखना होगा कि आगामी दिनों में पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश मिलेगा या नही।

### आरक्षकों को फिर से मिलेगा साप्ताहिक अवकाश

छत्तीसगढ़ के पुलिस कर्मचारियों को एक बार फ़िर से साप्ताहिक अवकाश मिलने जा रहा है। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय से पुनः एक आदेश जारी हो गया है। पीएचक्यू तथा पुलिस महानिदेशक के नाम से जारी हुए इस आदेश में कहा गया है कि पुलिस आरक्षक से लेकर निरीक्षक स्तर के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए साप्ताहिक अवकाश की घोषणा की गई थी। परंतु अधिकांश इकाईयों द्वारा इसके पालन में ढिलाई बरती जा रही है। अतः इस निर्देश के बाद से आरक्षक से लेकर निरीक्षक स्तर के कर्मियों के साप्ताहिक अवकाश देने कड़ाई से पालन किया जाए।

# सीईओ रीना कंगाले को मिलेगा बेस्ट अवार्ड

### छत्तीसगढ़ के इस कलेक्टर को भी पुरस्कृत करेगा निर्वाचन आयोग

रायपुर,17 जनवरी 2024 (ए)। छत्तीसगढ़ सहित 5 राज्यों में नवंबर-दिसंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान बेहतरीन काम करने वाले अफसरों के लिए पुरस्कार की घोषणा की है। इसमें छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) रीना बाबा साहेब कंगाले को बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का आवर्ड देने की घोषणा की गई है। पुरस्कार पाने वालों की सूची नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा के कलेक्टर रहे विनीत नंदनवार का नाम भी शामिल है। आयोग की तरफ से कुल 4 श्रेणियों में पुरस्कार की घोषणा की गई है। इसमें छत्तीसगढ़ के 2 अफसर शामिल हैं। पांच छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे। इनमें सबसे साफ-सुथरा चुनाव छत्तीसगढ़ में हुआ। बिना किसी विवाद के। कहीं पर रिकाउंटिंग की भी जरूरत नहीं पड़ी। बस्तर के धुर नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा के इतने तगड़े बंदोबस्त और निगरानी की गई कि नक्सली अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके। इस वजह से पांचों राज्यों में छत्तीसगढ़ की सीईओ को बेस्ट परफार्मिंग स्टेट अवार्ड के लिए चुना गया है। वहीं, दंतेवाड़ा के तत्कालीन कलेक्टर विनीत नंदनवार को बेस्ट इलेक्शन मैनेजमेंट अवार्ड प्रदान किया जाएगा।




### निजी स्कूलों पर जुर्माना लगाकर चर्चा में रहीं

रीना बाबा साहेब कंगाले जब दुर्ग की कलेक्टर थीं, तब उन्होंने दो निजी स्कूलों पर मनमानी फीस वसूली के मामले में 114 करोड़ रुपए जुर्माना किया था। इस फैसले के बाद कलेक्टर के साहसिक कदम की काफी चर्चा रही, क्योंकि उस दौरान दुर्ग व राजधानी रायपुर सहित कई जिलों में पालक संघ के सदस्य आंदोलित थे।

### कौन हैं रीना बाबा साहेब कंगाले...

11 गोल्ड मैडल के साथ एलएलबीआईएएस रीना बाबा साहेब कंगाले का जन्म नागपुर में हुआ। उनके पिता आईपीएस अधिकारी थे। रीना का जन्म आठ मार्च 1978 को हुआ था। वे 2003 में यूपीएससी से आईएएस सलेक्ट हुई। उन्होंने नागपुर यूनिवर्सिटी से फर्स्ट डिवीजन में एलएलबी की डिग्री हासिल की थी। वे यूनिवर्सिटी की टॉपर थीं और 11 गोल्ड मैडल अपने नाम किया था। छत्तीसगढ़ कैडर मिलने के बाद उन्हें दुर्ग के असिस्टेंट कलेक्टर के रूप में पहली पोस्टिंग मिली। इसके बाद दुर्ग, दंतेवाड़ा और कोरबा की कलेक्टर रहीं।

2011-12 में डायरेक्टर एजुकेशन बनीं। इसके बाद 2015-2017 तक खनिज विभाग की डायरेक्टर रहीं। 2017-2019 तक आदिम जाति कल्याण विभाग की सचिव रहीं। इसके बाद 2019 से 2020 तक वाणिज्यिक कर विभाग की सचिव रहीं। जनवरी 2020 में उन्हें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई।

# सुप्रीम कोर्ट का रायपुर कलेक्टर और एसपी को निर्देश

- हेट स्पीच पर रखें नजर
- टी राजा अपने अभद्र भाषा से सजे भाषणों के लिए सुर्खियों में रहे हैं

रायपुर,17 जनवरी 2024(ए)। तेलंगाना के भाजपा विधायटी राजा के राजधानी में होने वाले आयोजन के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने रायपुर के कलेक्टर और पुलिस कप्तान को निर्देश जारी किया हैं। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया हैं कि टी राजा के कार्यक्रम को देखते हुए किसी भी तरह की हेट स्पीच न हो यह सुनिश्चित किया जाये।तेलंगाना के भाजपा विधायक टी राजा सिंह इसी महीने को एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने रायपुर आ रहे हैं। इस मौके पर रायपुर शहर के हिंदूवादी संगठन उनके भव्य स्वागत की तैयारी में जुटे हुए है। जानकारी के मुताबिक़ कार्यक्रम में हिस्सा लेने से इतर वह रायपुर में रोड शो भी कर सकते है तो वही प्रशंसक शहर के अलग-अलग जगहों पर उनके स्वागत की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं।



सुप्रीम कोर्ट ने रायपुर और यवतमाल के जिला मजिस्ट्रेटों और पुलिस अधीक्षक को दोनों स्थानों पर जनवरी में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में उसके समक्ष दायर एक आवेदन में लगाए गए आरोपों को ध्यान में रखने का निर्देश दिया हैं।सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि हमें अधिकारियों से इस तथ्य के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है कि किसी भी तरह की हिंसा या नफरत फैलाने वाले भाषण की अनुमति नहीं दी जा सकती है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा हैं कि किसी को भी, किसी भी तरह की हिंसा या नफरत फैलाने वाले भाषण की अनुमति नहीं दी जा सकती है, लिहाजा अधिकारियों से इस तथ्य के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# कांग्रेस नेता के घर जीएसटी की रेड!



महासमुंद,17 जनवरी 2024 (ए)। महासमुंद जिले में मंगलवार देर रात सेंट्रल जीएसटी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुटखा कारोबारी के ठिकानों पर दबिश दी। मिली जानकारी के मुताबिक जीएसटी की टीम ने छापे के दौरान नयापारा इलाके में पुलिस चौकी के पास कांग्रेस के पूर्व शहर अध्यक्ष धीरज सरफराज नामक व्यक्ति के घर में भारी मात्रा में नकली सितार गुटखा को जब्त किया है।साथ ही नकली गुटखा बनाने वाली मशीन को भी जब्त कर लिया है। इस मामले में आगे कार्रवाई के लिए खाद्य विभाग और पुलिस विभाग को जानकारी दे दी गई है। अब मामले में आगे की जांच जारी है।

# नक्सलियों ने मंदिर के विरोध में जारी किया पर्चा

### पर्चा में पानी की तरह पैसा बहाने के आरोप लगाया

जगदलपुर,17 जनवरी 2024 (ए)। शंकराचार्यो के रामलला प्राणप्रतिष्ठा समारोह में जाने से इंकार करने के बाद अब नक्सलियों ने भी अयोध्या में रामलला मंदिर का विरोध करते हुए पर्चा जारी किया है। नक्सलियों की केंद्रीय कमेटी के प्रवक्ता अभय ने बुधवार को प्रेस नोट जारी कर अयोध्या में बन रहे प्रभु श्रीराम के मंदिर का विरोध किया है।एक तरफ पूरे देश में रामलला मंदिर को लेकर भक्ति की अविरल गंगा बह रही है, रामलला मंदिर निर्माण का पूरा देश स्वागत कर रहा है। हर नागरिक पिछले एक माह से भक्तिभाव से ओ्तप्रोत होकर 22 जनवरी को दिवाली मनाने की तैयारी कर रहा है। पूरे देश में जहां-जहां भी छोटे बड़े मंदिर है उन सभी मंदिरों की सफाई अभियान चलाया जा रहा है।



अभय ने कहा है कि अयोध्या में बाबरी मस्जिद को तोड़कर मुसलमान की भावनाओं को ठेस पहुंचाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को हिंदू राष्ट्र बनाना चाह रहे हैं। प्रेस नोट में राम मंदिर का बहिष्कार करने की बात भी लिखी हुई है।नक्सली प्रवक्ता अभय ने प्रेस नोट में लिखा है कि 22 जनवरी को अयोध्या में बने श्रीराम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है। इसके लिए पूरे अयोध्या में साज-सजावट का काम किया जा रहा है। पैसों को पानी की तरह बहाया जा रहा है।

# अस्पताल परिसर में डॉक्टरों की गुंडागर्दी

### अस्पताल परिसर में दिया मारपीट की घटना को अंजाम

कोरबा,17 जनवरी 2024 (ए)। जिले के मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में मंगलवार शाम कुछ डॉक्टरों ने गाड़ी स्टैंड में काम करने वाले मां-बेटे की पिटाई कर दी। हंगामा देख मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। जैसे-तैसे लोगों ने समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, मेडिकल कॉलेज अस्पताल कोरबा के 2-3 डॉक्टर जब स्टैंड पर अपनी गाड़ी खड़ी करने के लिए पहुंचे, तो वहां मौजूद मां और नाबालिग बेटे से उनकी बहस के बाद गालीगलौज और हाथापाई हो गई। इसके बाद डॉक्टरों ने मां और नाबालिग बेटे की पिटाई कर दी। महिला और उसके बेटे ने भी डॉक्टरों को मारा।



इस दौरान हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना जिला मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को भी दी गई। मौके पर प्रबंधन के अधिकारी भी पहुंचे और बीच-बचाव किया। यहां तक कि शोर सुनकर अस्पताल में भर्ती मरीज और उसके परिजन भी बाहर आ गए।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)